

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 26 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-206 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया

# मोदी ने मन की बात में अंबिकापुर के 'गार्बेज कैफे' की तारीफ की

**नई दिल्ली,26 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने त्योहारी सीजन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति और देश के युवा नेतृत्व पर अपने विचार साझा किए। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश में दीपावली और छठ पूजा के उत्साह का माहौल है। उन्होंने अपने पत्रों के जवाब में आए संदेशों का जिक्र करते हुए बताया कि देशवासियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और जीएसटी बचत उत्सव को लेकर उत्साह दिखाया। उन्होंने घरेलू उत्पादों की खरीद और खाद्य तेल की खपत में कमी के लिए लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया की सराहना की। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रेरक उदाहरण साझा किए। **छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन देने वाले 'गार्बेज कैफे' शुरू किए गए हैं।** वहीं, बेंगलुरु में इंजीनियर कपिल शर्मा और उनकी टीम ने 40 कुओं और 6 झीलों का जीर्णोद्धार किया और वृक्षारोपण अभियान में स्थानीय लोगों और कॉर्पोरेट्स को भी शामिल किया। गुजरात में धोलेरा और कच्छ में मैंग्रोव वृक्षारोपण अभियान की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि इन वृक्षों के कारण समुद्री पारिस्थितिकी में सुधार हुआ है, डॉल्फिन, क्रैब और प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देने का आह्वान किया।




प्रधानमंत्री ने भारतीय कुत्तों की नस्लों, उनके प्रशिक्षण और सुरक्षा बलों में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की। उन्होंने बीएसएफ और सीआरपीएफ द्वारा देशी कुत्तों को प्रशिक्षित करने और उनके नामों में भारतीयता बनाए रखने की प्रशंसा की। इसके अलावा, उन्होंने 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय कॉफी, विशेषकर ओडिशा की कोरापुट कॉफी और देश के अन्य हिस्सों में कॉफी की विविधता और उसके लाभ पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत की कॉफी अब विश्व स्तर पर पहचान बना रही है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष और इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' मातृभूमि के प्रति हमारे कर्तव्यों और देशभक्ति की भावना जगाता है। उन्होंने देशवासियों से इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सुझाव भेजने का अनुरोध किया। साथ ही, उन्होंने संस्कृत भाषा और युवा पीढ़ी द्वारा संस्कृत में किए जा रहे रोचक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाषा किसी सभ्यता के मूल्यों और परंपराओं का वाहक होती है और युवा इसे पुनर्जीवित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आदिवासी नायकों, कोमराम भीम और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए युवा पीढ़ी से उनसे सीख लेने और उनके जीवन और कार्यों को जानने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों को अपने आस-पास के प्रेरक व्यक्तियों और समूहों के बारे में बताने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी से ऐसे संदेश भेजने का अनुरोध किया और अगले महीने फिर नए विषयों के साथ 'मन की बात' में मिलने का वादा किया।

**लोक आस्था का महापर्व : खरना के पावन अवसर पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं-**लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को नहाय-खाय के साथ इसकी शुरुआत हुई और रविवार को दूसरे दिन खरना का पर्व मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश साझा किया और इसके साथ प्रसिद्ध गायक दिनेश लाल यादव का छठ गीत 'सुख लेके उगिह दुख लेके डुबिह' भी साझा किया। उन्होंने लिखा, "आप सभी को महापर्व छठ खरना पूजा की असीम शुभकामनाएं।

## मुख्यमंत्री साय ने जताया प्रधानमंत्री मोदी का आभार

**रायपुर,26 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को न्यू शांति नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण सुना. इस दौरान भाजपा के सभी महामंत्री, प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या व्यापारी मौजूद रहे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर स्थित गार्बेज कैफे का जिक्र किया. कैसे आधा किलो कचड़ा देकर नाश्ता और एक किलो कचड़ा देकर दिन या रात का खाना खा सकते हैं. इसके साथ उन्होंने कहा कि ये प्रेरक उदाहरण है कि जब ठान लिया जाए तो बदलाव भी किया जा सकता है. 'मन की बात' को सुनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री के हम आभारी हैं. उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का कई बार जिक्र किया है. आज भी छत्तीसगढ़ का जिक्र किया है.



अंबिकापुर नगर निगम स्वच्छता के मामले में अव्वल रहा है, जिसका भी जिक्र प्रधानमंत्री ने किया है.मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा रही है. नक्सली जमीन के अंदर बम गाड़ कर रखते हैं, जिसे देशी स्वान आसानी से डिटेक्ट करता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम में उसका भी जिक्र किया है.

## सरहद पर 'ऑपरेशन त्रिशूल' की तैयारी

**नईदिल्ली।** भारत पश्चिमी सीमा पर 30 अक्टूबर से 10 नवंबर तक त्रि-सेवा (थलसेना, नौसेना और वायुसेना) सैन्य अभ्यास करने वाला है। इसे लेकर पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। तीनों सेना का संयुक्त अभ्यास त्रिशूल के नाम से होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक्सरसाइज सर क्रीक-सिंध-कराची अक्ष पर केंद्रित होगी, जिसे पाकिस्तानी 'पाकिस्तान का गहरा दक्षिण' बताते हैं। इसे देखते हुए इस्लामाबाद अपनी दक्षिणी कमांड में सतर्कता बढ़ाने के लिए मजबूर हो गया है और पूरी तरह से चौकसी बरती जा रही है। पाकिस्तान के रक्षा सूत्रों ने बताया कि सिंध और पंजाब में दक्षिणी कमांड के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही, वायुसेना और नौसेना को किसी भी संभावित आक्रामकता का जवाब देने के लिए स्टैंडबाय पर रखा गया है। बहावलपुर स्ट्राइक कोर और कराची कोर को विशेष तैयारियों के



लिए चुना गया है। शोरकोट, बहावलपुर, रहीम यार खान, जैकोबाबाद, भोलारी और कराची जैसे हवाई अड्डे भी स्टैंडबाय हैं। इसके अलावा, अरब सागर में गश्त और नौसैनिक गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, भारत का यह अभ्यास थार रेगिस्तान और सर क्रीक क्षेत्र के बीच होगा। इसे दक्षिणी क्षेत्रों में नौसेना, वायुसेना और थलसेना के बीच समन्वय जांचने के लिए डिजाइन किया गया है। पाकिस्तानी अधिकारियों को डर है कि इस एक्सरसाइज का इस्तेमाल समुद्री चोकपॉइंट्स और कराची से जुड़े तटीय ढांचे को खतरे में डालने के लिए हो सकता है। ध्यान रहे कि कराची बंदरगाह और बिन कासिम के माध्यम से पाकिस्तान का लगभग 70 प्रतिशत व्यापार होता है, जो इन सुविधाओं को रणनीतिक रूप से संवेदनशील बनाता है।

## सलमान खान के बयान से बिलबिलाया पाकिस्तान, घोषित कर दिया आतंकवादी

**मुंबई,26 अक्टूबर।** बॉलिवुड अभिनेता सलमान खान के बयान से बिलबिलाए पाकिस्तान ने उन्हें आतंकी घोषित कर दिया है। हाल में ही सलमान खान ने सऊदी अरब में एक कार्यक्रम में बलूचिस्तान को अलग देश बताया था। इसके बाद शहबाज शरीफ सरकार बुरी तरह चिढ़ गई। इसके बाद अब शहबाज शरीफ की सरकार ने आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए उन्हें आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत आतंकी घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने उनका नाम चौथे शेड्यूल में शामिल किया है। जानकारी के मुताबिक चौथी सूची में शामिल कनरे का मतलब होता है कि उनपर कट्टरपंथी गतिविधियों के चलते नजर रखी जाएगी। अब तक सलमान खान या फिर उनके किसी प्रतिनिधि की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। सऊदी अरब में एक फोरम में संबोधित करते हुए सलमान खान ने कहा था, ये बलूचिस्तान के लोग हैं, अफगानिस्तान के लोग हैं, पाकिस्तान के लोग हैं, हर कोई सऊदी अरब में मेहनत से काम कर रहा है। इसी बयान पर पाकिस्तान को मिर्ची लग गई थी। दरअसल लंबे समय से बलूचिस्तान में पाकिस्तान से अलग होने के लिए आंदोलन चल रहा है जिसे पाकिस्तानी सेना अपने अत्याचारों से रौंदने की कोशिश करती है। सलमान खान के बयान से भी ऐसा लगता था कि वह बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बता रहे हैं। ऐसे में उसका बौखलना तय था। एक तरफ जहां पाकिस्तान को मिर्ची लग गई है तो दूसरी तरफ बलूचिस्तान के अलगाववादी नेता उनसे खुश हैं। उन्होंने सलमान खान को धन्यवाद भी दिया है।



## तालाब में मिली छात्र की लाश

**बिलासपुर,26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में मिली लाश लापता हुए छात्र की ही निकली. मृतक की पहचान छात्र असलम अंसारी के भाई अयूब अंसारी ने की है. इस मामले में एसएसपी रजनेश सिंह ने जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच दल का गठन किया है. जानकारी के मुताबिक, जीजीयू परिसर स्थित एक तालाब में गुरुवार की शाम एक युवक की लाश मिली थी. शव को तालाब से बाहर निकालकर पुलिस ने मरच्यूरी में रखवाया था. इस बीच शुक्रवार को विवि परिसर में एक छात्र के दो दिनों से लापता होने की जानकारी सामने आने से सनसनी फैल गई. लापता छात्र के छोटे भाई को शिनाख्ती के लिए बुलाया गया. उसने टी शर्ट से अपने बड़े भाई के रूप में पहचान की. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं सेंट्रल यूनिवर्सिटी की सुरक्षा भी संदेह के दायरे में है. अब पुलिस की 6 सदस्य टीम छात्र की मौत मामले में की जांच करेगी.



## बीएसपी खदान प्रभावित ग्रामीण दे रहे धरना

**बालोद,26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सैंकड़ों ग्रामीणों का बीएसपी के खिलाफ चक्काजाम 11वें दिन भी जारी है. ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें खदानों में रोजगार दिया जाए. हालांकि बीएसपी प्रबंधन ने रोजाना हो रहे नुकसान के बाद 200 से अधिक ग्रामीणों पर विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई है. इनमें तीन ग्राम पंचायतों के सरपंच भी शामिल हैं. इसके बावजूद ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी है. दरअसल, 16 अक्टूबर को बीएसपी के अधिकृत महामाया माईनस, कलवर माईनस और धुलकी माईनस में रोजगार देने की मांग को लेकर सैंकड़ों ग्रामीणों ने मोर्चा खोला. उन्होंने महामाया स्कूल क्रमांक 2 के पास चक्काजाम कर दिया. इससे महामाया माईनस तक ट्रक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे करोड़ो का नुकसान हो रहा है. वहीं बीएसपी के अधिकारी लगातार ग्रामीणों के पास पहुंचकर प्रसासन की मदद से बातचीत की कोशिश कर रहे हैं,



लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है. ग्रामीणों का कहना है कि वह खनन प्रभावित क्षेत्र में आते है, जिससे माईनस से आने वाले लाल पानी उनकी फसलों को चौपट कर देता है. लेकिन बीएसपी प्रबंधन इस पर कोई भी सुध नही लेता. ऐसे वह रोजगार की मांग कर रहे हैं.

## करंट वाले तार के संपर्क में आकर मादा बायसन की मौत

**बलौदाबाजार.** बलौदाबाजार वन मंडल के अर्जुनी वन परिक्षेत्र में करंट वाले तार की चपेट में आने से मादा बायसन की मौत का मामला सामने आया है. मादा



बायसन को गर्भ से सात माह का बच्चा था. क्षेत्र में इससे पहले भी बायसन की मौत का मामला सामने आ चुका है. लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के चलते शिकारियों के हौसंले बुलंद है. इस मामले में वन विभाग ने वन आरक्षक को निलंबित कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, वन्यजीवों के शिकार के लिए करंट वाला तार बिछाया गया था, जिसकी चपेट में आकर मादा बासयन की मौत हो गई. मामला संज्ञान में आने के बाद वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने वन आरक्षक को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया है. वन विभाग ने क्षेत्र में शिकारियों की तलाश तेज कर दी है और अर्जुनी वन परिक्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है. हालांकि वन्यप्राणियों की सुरक्षा पर अब भी गंभीर खतरा बरकरार है.

छठ महापर्व के लिए बाजार में उमड़ी भीड़



## अंतागढ़ में सक्रिय 21 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कांकेर,26 अक्टूबर।** कांकेर ज़िले में आज "पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन" पहल के तहत एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है, जब 21 माओवादी कैडरों ने 18 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया. आत्मसमर्पण करने वाले सभी कैडर केशकाल डिवीजन (नॉर्थ सब ज़ोनल ब्यूरो) के कुएमारी / किसकोडो एरिया कमेटी से संबंधित हैं. इनमें डिवीजन कमेटी सेक्रेटरी मुकेश सहित 4 डीवीसीएम (डिवीजन वाइस कमेटी मेंबर), 9 एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) और 8 पार्टी सदस्य शामिल हैं. इन 21 आत्मसमर्पित नक्सलियों में 13 महिला और 08 पुरुष कैडर शामिल हैं, जिन्होंने हिंसा और जनविरोधी विचारधारा का रास्ता छोड़कर शांति और प्रगति का मार्ग अपनाया है. इन माओवादियों ने जो हथियार जमा किए हैं, उनमें 3 एके-47 रायफलें, 4 एसएलआर रायफलें, 2 इंसास रायफलें, 6 .303 रायफलें, 2 सिंगल शॉट रायफलें, 1 बीजीएल हथियार शामिल है. आईजी बस्तर सुंदरराज पी. ने कहा कि "पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन" पहल बस्तर में शांति स्थापना की दिशा में एक सशक्त प्रयास है.

## 234 स्मार्टफोन बैट्री में विस्फोट मिनटों में जल गई इलेक्ट्रिक बस

**हैदराबाद,26 अक्टूबर।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल में इलेक्ट्रिक बस में आग लगने को लेकर पुलिस का कहना है कि बाइक से टक्कर के बाद बस में लगीं दो 12 केवी की बैट्रियों में धमाका हुआ था। वहीं शुरुआती जांच रिपोर्ट में कहा गया था कि बस पर बड़ी मात्रा में स्मार्टफोन रखे हुए थे। उनके पास ही वाहन की बैट्री थी। इसी वजह से आग लगी थी। बता दें कि शुक्रवार को बस और बाइक की टक्कर के बाइक बस के नीचे आकर रगड़ने लगी। इस वजह से उसका फ्यूल टैंक फट गया और बस भी आग का गोला बन गई। इस घटना में बस में सावर 19 यात्रियों के साथ बाइक सवार की मौत हो गई थी। एक फॉरेंसिक एक्सपर्ट के मुताबिक हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही इस बस में 234 स्मार्टफोन रखे थे। ये स्मार्टफोन किसी व्यापारी के थे। आग लगने के बाद स्मार्टफोन की लीथियम आयन बैट्री में धमाका होने लगा। इस वजह से आग तुरंत यात्रियों के केबिन तक पहुंच गई। शुरुआती



जांच रिपोर्ट में कहा गया था कि बस के सामने पेट्रोल लीक होने की वजह से आग लगी थी। अधिकारियों ने कहा कि बस की एल्युमिनियम फ्लोरिंग पिघलने लगी और आग बढ़ती चली गई। आंध्र प्रदेश दमकल विभाग और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स के मुताबिक ज्यादा मात्रा में स्मार्टफोन और बैट्री की वजह से लोगों की जान चली गई। कुरनूल रेंज के डीआईजी कोया प्रवीण ने कहा, बाइक के फ्यूल टैंक की वजह से आग नहीं लगी बल्कि बस के मेन एग्जिट डोर के पास आग लगी थी। इसके अलावा बस के पीछे की तरफ जहां बैट्री होती है वहां आग लगी थी। बैट्री में विस्फोट हो गया। उन्होंने कहा कि बाइक में लगी आग की वजह से केवल बस की टूल किट प्रभावित हुई थी। कुरनूल जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विक्रांत पाटिल ने बताया कि शिव शंकर की मोटरसाइकिल सड़क पर फिसलकर गिर गई और वह डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## भूस्खलन का कहर, 8 मकान ध्वस्त, एक की मौत

**केरल,26 अक्टूबर।** इडुक्की जिले में आदिमाली के मन्नामकंदम में हुए एक भीषण भूस्खलन में कम से कम आठ मकान ध्वस्त हो गए, जिससे 48 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दुखद घटना शनिवार रात को हुई। मृतक की पहचान लक्ष्मवीदु उन्नाथी निवासी बीजू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि जिस आवासीय कॉलोनी में यह घटना हुई वहां लगभग 22 मकान थे और भूस्खलन के खतरे के कारण निवासियों को शनिवार को राहत शिविरों में शिफ्ट कर दिया गया था। आदिमाली ब्लॉक पंचायत सदस्य कृष्णमूर्ति ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-85 के चौड़ीकरण के तहत पहाड़ी क्षेत्र से मिट्टी हटाई जा रही थी। उन्होंने कहा, "आवासीय कॉलोनी राजमार्ग के नीचे पहाड़ी की ढलान पर स्थित थी। पंचायत अधिकारियों ने भूस्खलन की आशंका के कारण एक नोटिस जारी किया था और 22 परिवारों को शनिवार शाम को आदिमाली स्थानांतरित कर दिया गया था।" उन्होंने बताया कि बीजू और उनकी पत्नी संध्या खाना बनाने के लिए देर रात घर लौट आए थे। उन्होंने कहा, "जब वे अपने घर के अंदर थे, तभी रात करीब 10:30 बजे पहाड़ी से मिट्टी ढहकर घरों पर गिर गई। बीजू और संध्या अंदर फंस गए। भूस्खलन में करीब आठ मकान जमींदोज हो गए।" स्थानीय निवासियों ने पुलिस और अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं को सूचित किया, जिन्होंने बचाव अभियान शुरू किया। कृष्णमूर्ति ने कहा, "दोनों मलबे में फंस गए थे। 5 घंटे चले अभियान के बाद उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन बीजू की मौत हो गई। संध्या को पहले आदिमाली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे बाद में अलुवा के एक अस्पताल में शिफ्ट किया गया।" उन्होंने बताया कि संध्या की हालत अब स्थिर है। निवासियों ने आरोप लगाया कि इस त्रासदी के लिए अवैज्ञानिक तरीके से सड़क का चौड़ीकरण किया जाना जिम्मेदार है।

**सुरक्षा कदम उठाए बिना हटाई जा रही मिट्टी-**एक निवासी सुल्फी ने कहा, "राजमार्ग निर्माण कार्य करने के लिए कोई सुरक्षा कदम उठाए बिना मिट्टी हटाई जा रही है। वे भूस्खलन के खतरे पर विचार किए बिना पहाड़ी ढलानों को साफ कर रहे हैं।" स्थानीय निवासी अनस का घर भूस्खलन के कारण पूरी तरह से नष्ट हो गया। उसने कहा कि निवासियों ने पहाड़ी में बड़ी दरारें देखी थीं और पंचायत अधिकारियों को सूचित किया था। उसने कहा, "अधिकारियों ने शनिवार सुबह घटनास्थल का निरीक्षण किया था और भूस्खलन के खतरे के कारण हमें मकान खाली करने का नोटिस जारी किया था। हमें आदिमाली सरकारी विद्यालय शिविर में स्थानांतरित कर दिया गया था लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग का काम जारी रहा।"

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में निःशुल्क शिविर आयोजित

# 62 गर्भवतियों की सोनोग्राफी के साथ 135 की ओपीडी जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 अक्टूबर।** जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने के संकल्प के साथ लगातार वनांचल क्षेत्र में शिविर का आयोजन कर लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं वन क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा मातृत्व एवं शिशु संरक्षण को सुदृढ़ बनाना है।

शिविर में कुल 62 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की गई, जिससे उन्हें समय रहते आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं देखभाल प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन एवं अन्य लाभार्थियों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। कुल लोगों की ओपीडी जांच 135 जांच किया गया। सभी लाभार्थियों को चिकित्सकों द्वारा



उचित दवा एवं परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार, एनीमिया रोकथाम, प्रसव पूर्व सावधानियाँ एवं संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी भी दी गई।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उनके ही गांव में उपलब्ध हों। ऐसे स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीणों एवं लाभार्थियों ने इस पहल के लिए प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में बोडला सेक्टर के मंडलटोला, खरिया बैरक, बोडला, पोंडी सेक्टर से रामहेपुर, सारंगपुरकला, कुसुमघटा, पौड़ी, बैजलपुर सेक्टर से खंडसरा, भलपरी मढ़ाडाबरी, मड़मढ़ा, बैजलपुर के गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया।

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तूरे ने कहा सोनोग्राफी कैम्प और स्वास्थ्य कैंप निरंतर जारी रहेगा और अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच हो सके। बीएमओ डॉ पुरूषोतम राजपूत ने बताया कि ऐसे शिविर से वनांचल क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं की जांच से हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का पहले से पता चल जाता है। निःशुल्क सोनोग्राफी जांच से वनांचल के चिल्फी, तरेगांव, रेंगाखार जंगल, झलमला के गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हो रहे है।

## एक नजर

### बैकुंठ धाम, अंबेडकर भवन में आवास ऋण मेला 28 अक्टूबर को

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बीएलसी घटक एवं एएचपी घटक के हितग्राहियों के लिए आवास ऋण मेला का आयोजन किया गया है। आवास ऋण मेला गौरव पथ स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन बैकुंठधाम में दिनांक 28 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा । इस ऋण मेले का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को आवास ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाना और उन्हें आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। निगम प्रशासन ने सभी पात्र हितग्राहियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं और अपने आवास निर्माण के सपने को साकार करें।

### पटाखा से बच्चे का चेहरा और हाथ झुलसा , उपचार जारी

**दुर्ग, 26 अक्टूबर।** दुर्ग से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है जहां 21 अक्टूबर के दिन का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है वीडियो में दीपक नगर में रहने वाला अभिषेक यादव नामक 13 साल का एक बच्चा पटाखा जला रहा था तभी अचानक पटाखा फूट गया और अभिषेक यादव का चेहरा और उसका हाथ बुरी तरह झुलस गया अचानक पटाखा फूट जाने से आस पास खड़े लोग भी कुछ समझ नही पाए लेकिन जब अभिषेक के चेहरे में आग की लपट दिखाई दी तब पड़ोसियों ने उसके घर वालो को आवाज दी झूलसे हुए अभिषेक यादव को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है।

### अमृत स्टेशन के निर्माण कार्य और लोगों से अमृत संवाद करने पहुंचे रेलवे अधिकारी

**भिलाई,26 अक्टूबर।** भिलाई के पावर हाउस में बन रहे अमृत स्टेशन के निर्माण कार्य और लोगों से अमृत संवाद करने आज रेलवे के अधिकारी पहुंचे। रेलवे के कामर्शियल मैनेजर शेष नारायण पांडेय ने पहले रेलवे सलाहकार समिति के लोगों और पब्लिक से चर्चा की। उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता, स्टेशन के बाहर पार्किंग, निर्माण कार्य को भी देखा। इस मौके पर पब्लिक ने पावर हाउस स्टेशन कागजों में स्टॉपेज होने की वजह से कई एक्सप्रेस और सुपरफास्ट गाड़ियों के स्टॉपेज नहीं की वजह से होने वाली दिक्कतों को बताया। वही उन्होंने कुछ ट्रेन को रायपुर या बिलासपुर से संचालित करने की बजाए दुर्ग स्टार्ट करने की मांग की। इस मौके पर आरपीएफके इंस्पेक्टर मनीष कुमार सहित पावर हाउस रेलवे स्टेशन के स्टॉफमौजूद थे।

### हत्या के मामले में फरार आरोपी पकड़ाया

**दुर्ग, 26 अक्टूबर।** जिले की थाना नंदिनी नगर पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार थाना नंदिनी नगर के ग्राम अरसनारा मे दिनांक 22.10.2025 को शाम को आरोपी लुकेश मैत्रे उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम अरसनारा जिला दुर्ग द्वारा गोवर्धन चौक के पास ग्राम अरसनारा में मृतक आकाश निर्मलकर को पुरानी रंजिश के चलते पेट में चाकू से हमला कर हत्या कर दिया था । हत्या के बाद से आरोपी मौके पर से फरार हो गया था । मृतक के पिता सुखदेव निर्मलकर उम्र 50 साल साकिन ग्राम अरसनारा, थाना नंदिनी नगर की रिपोर्ट पर थाना नंदिनी नगर में धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान फरार आरोपी की पतासाजी हेतु अलग अलग टीम गठित कर आरोपी के छिपे होने की संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई । आरोपी की पतासाजी के दौरान मुखबिर की सूचना पर दुर्ग से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया तथा पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने के फिराक में था जो मौका पाकर हत्या करना कबूल किया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार चाकू विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपी लुकेश मैत्रे को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

# पंडवानी से छत्तीसगढ़ को दुनिया भर में मिली पहचान : मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के ग्राम मेड़ेसरा में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पिछड़ा एवं अन्य वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक ललित चंद्राकर, विधायक साजा ईश्वर साहू, राज्य तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू एवं जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभ चंद बाफना एवं डॉ. दयाराम साहू, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, दुर्ग नगर निगम की महापौर अलका बाघमार भी सम्मलित हुए।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पंडवानी एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ को दुनिया भर में पहचान मिली है। दुनिया के हर कोने में हमारे पंडवानी कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है। न्यूयार्क से लेकर पेरिस और लंदन तक महाभारत की कथाओं



पर आधारित हमारे पंडवानी गायन को लोगों ने सुना और सराहा है। पद्मश्री डा. उषा बारले जी हमारे बीच मौजूद हैं। उन्होंने अपने पंडवानी गायन के माध्यम से आप सभी का मनोरंजन किया होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे पंडवानी के पुरोधा स्वर्गीय झाडूराम देवांगन जी की स्मृति भी हो रही है। हाथ में तंबूरा लेकर जब वे अपनी रोचक प्रस्तुति देते थे तो दर्शक गण मंत्र मुग्ध हो जाते थे। पंडवानी गायन में हमारी महिला कलाकारों को भी विशेष सफलता मिली है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुझे विशेष रूप से स्वर्गीय लक्ष्मी बंजारे का स्मरण हो रहा है। पद्म पुरस्कार देश की विभूतियों को प्राप्त होते हैं। यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि हमारी धरती पर तीजन बाई जैसी कलाकार हुई हैं जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण तीनों ही सम्मान प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि अनेक अवसरों पर तीजन बाई की पंडवानी मैंने सुनी है। श्याम बेनेगल की भारत एक खोज में तीजन बाई के पंडवानी गायन के दृश्य अपार आनंद और उत्सुकता से भर देते हैं। पंडवानी हमारी धरोहर है। हम लोगों ने बचपन से रामलीला मंडलियों के माध्यम से रामायण की कहानियां सुनी और पंडवानी के माध्यम से महाभारत की कहानियां सुनी। पीढ़ी दर पीढ़ी रामायण और महाभारत की कहानियां इन्हीं लोककलाकारों के माध्यम से आम जनता तक पहुंचती रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडवानी गायन इस मायने में भी खास है कि इसमें महिला और पुरुष का भेद नहीं है अपितु तीजन बाई, डा. उषा बारले जैसे कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से ऐसा महसूस कराया है कि पंडवानी गायन महिलाओं का ही क्षेत्र है। यह इन कलाकारों की कला की सफलता है। पंडवानी गायन के माध्यम से छत्तीसगढ़ समाज की तासीर भी पता चलती है। यहां मातृशक्ति की भागीदारी कला के क्षेत्र में भी बढ़चढ़कर है। उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरगुजा से लेकर बस्तर तक हर जगह की अपनी विशिष्ट संस्कृति है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ी लोककला-संस्कृति को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हमने कलाकारों की पेंशन राशि में वृद्धि की है साथ ही कलाकारों को दिये जाने वाले अवसरों की संख्या भी बढ़ाई है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी की स्थापना का निर्णय लेकर हमने छत्तीसगढ़ी सिनेमा को मजबूत करने का जतन किया है।

### उपमुख्यमंत्री साव ने किया कलाकारों का अभिनंदन

कार्यक्रम के अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अंतराष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर सभी पंडवानी कलाकारों का अभिनन्दन किया। क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी ने जिस भरोसा के साथ मुझे अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने विधान सभा क्षेत्र अहिवारा के विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गई राशियों का जिक्र किया। साथ ही क्षेत्र के और विकास हेतु मांग पत्र मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री साय को सौपा। कार्यक्रम के संयोजक पद्मश्री डॉ. ऊषा बारले ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एस.एस.पी. विजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण, पंडवानी के लोक कलाकार और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जब अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया तो इसके पीछे इस राज्य के तेजी से विकास की मंशा के साथ ही इसकी संस्कृति को सहेजने की मंशा भी थी।

# एनडीए गठबंधन पर बिहार की जनता एक बार फिर अपना मुहर लगाने प्रतिबद्ध:भावना बोहरा

### सोनपुर विस में पंडरिया विधायक ने किया जनसंपर्क, एनडीए व मोदी सरकार की बताई उपलब्धियां



**कवर्धा, 26 अक्टूबर।** पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार के सारण जिला अंतर्गत सोनपुर विधानसभा प्रभारी के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है जिसे निभाते हुए भावना बोहरा लगातार सोनपुर विधानसभा के सभी मंडलों, बूथ प्रभारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीतियों पर चर्चा कर रहीं हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर सोनपुर विधानसभा से भाजपा के एनडीए प्रत्याशी विनय कुमार सिंह व एनडीए गठबंधन के लिए समर्थन जुटा रहीं हैं। संगठन की बैठकों में शामिल होना, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ सक्रियता के साथ बैठकें कर स्थानीय मुद्दों और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के विकासशील नेतृत्व और एनडीए गठबंधन द्वारा बिहार के विकास, रोजगार के प्रयास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों को आर्थिक संबल, जनकल्याण की योजनाओं एवं अधोसंरचना निर्माण की जानकारी जनता तक पहंचाने हेतु निरंतर जनसंपर्क कर रहीं हैं।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि बिहार की जनता विधानसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साहित है वहीं कार्यकर्ताओं में भी अपार उर्जा और समर्पण भावना स्पष्ट रूप से दिख रही है। फिर एक बार, एनडीए सरकार का नारा और संकल्प के साथ जनसंपर्क के दौरान जनता का अपार समर्थन हमें प्राप्त हो रहा है। बिहार में एनडीए की सरकार आने के बाद से जंगलराज ख़त्म हुआ है और सुशासन स्थापित हुआ है। बिहार में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसने जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। नालंदा की ज्ञान-गंगा से लेकर चंपारण की सत्याग्रह-धारा तक बिहार राज्य ने भारत को एक गौरवशाली इतिहास दिया है। आज यहां सड़कों का विस्तार, घर-घर में बिजली, पानी पहुंचाने का काम एनडीए सरकार ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा बिहार के लिए विशेष पैकेज मिलने से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहें हैं, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है, रेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है।

### छठ पर्व के लिए शहर तैयार

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** महापर्व छठ को लेकर शहर तैयार हो चुका है। आज नहाए खाए में सात्विक भोजन खाकर व्रतियों ने महापर्व छठ पूजा की शुरुआत की। घरों में जहां आज मिट्टी के चूल्हे बनाए गए तो गेंहू, चावल धोकर सुखाए गए। कल खरना के साथ ही तीन दिनों का कठिन व्रत भी शुरू हो जाएगा। इधर इस पावन पर्व को लेकर शहर प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। तालाबों की सफाई, घाट की रंग रोंगन के साथ ही भिलाई के 20 से ज्यादा तालाबों में व्रती सोमवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ देंगे। वही मंगलवार की सुबह उगते सूर्यदेव की आराधाना के बाद यह व्रत पूरा होगा। इधर सुपेला, छावनी, बैंकुठधाम, सूर्य कुंड, कोहका, मुक्तिधाम तालाबों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ेगा। सुपेला के सबसे पुराने तालाब में अभी भी सफाई का दौर चल रहा है। वही बाजार में दौरा, सूपा, मौसमी फल, पूजन सामग्री, पारंपरिक दीये सहित अन्य सामग्री भी बिकने पहुंच चुकी है। हालांकि पूजा के लिए फल, सूप, दौरा(बांस की टोकनी) आदि ज्यादातर लोग कल ही लेंगे।

## बीएसपी ने सीएसआर के अंतर्गत खेल मैदान का विकास कर स्कूल को सौंपा

# भिलाई हमेशा समाज के सर्वांगीण विकास के लिये प्रयासरत रहा : प्रशांत तिवारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए पीएम केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग के खेल मैदान का पुनर्विकास कर उसे विद्यालय प्रशासन को सौंपा। विद्यालय परिसर में 25 अक्टूबर को आयोजित गरिमामय समारोह में मैदान का औपचारिक उद्घाटन और हस्तांतरण मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक श्रीमती अपर्णा चंद्रा, सहायक महाप्रबंधक (जनसंपर्क) जवाहर बाजपेयी, उप प्रबंधक कमल कान्त वर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा, उप प्राचार्य श्रीमती पुष्पा बाड़ा, प्रधानाध्यापक डॉ. अजय आर्य, खेल प्रशिक्षक सुरेश कुमार, टीजीटी श्रीमती बिन्दु शिवराजन, कमल सोनी, मीनाक्षी चंद्राकर, अल्तमस सहित अन्य शिक्षकगण, विद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।



मुख्य अतिथि प्रशांत तिवारी ने विद्यालय परिसर में अनुशासन, स्वच्छता एवं शिक्षा के सकारात्मक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय आकर उन्हें अपने छात्र जीवन की मधुर यादें स्मरण आ गईं। उन्होंने अपने संबोधन में भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संयंत्र सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के साथ ही अन्य सभी क्षेत्रों में योगदान देकर समाज के सर्वांगीण विकास लिए प्रतिबद्ध रहा है।

समृद्धि तब ही सार्थक है जब उसका लाभ समाज के साथ बाँटा जाए। भिलाई इस्पात संयंत्र इसी सोच के साथ कार्य करता है कि उसकी उपलब्धियों की रोशनी शिक्षा और विकास के हर कोने तक पहुँचे। बीएसपी वनांचल और परिधीय क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विकास और सहयोग हेतु निरंतर प्रयास करता आ रहा है। स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रति आभार व्यक्त किया। खेल मैदान के विकास से विद्यार्थियों को उत्कृष्ट खेल अवसर प्राप्त होंगे। यह पहल विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने के साथ ही विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी। उन्होंने पौधा भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।

पीएम केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग के खेल मैदान के पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य महाप्रबंधक शिवराजन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यजनों ने मैदान के पुनर्विकास कार्य की सराहना की और विद्यार्थियों के उवल भविष्य के लिये अपनी शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक डॉ. अजय आर्य ने किया।

## समाचार संक्षेप

# पीएम आवास योजना का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार एवं राज्य शासन की प्राथमिकता में होने से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी. घटक अंतर्गत ऐसे हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाता है जिनके पास स्वयं की भूमि या पट्टा उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री आवास योजना बी एल सी घटक अंतर्गत प्रथम चरण में 5115 आवास स्वीकृत हो चुके हैं, जिसके विरुद्ध 5033 आवास पूर्ण हो चुके हैं। द्वितीय चरण में 805 डी.पी.आर प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 536 स्वीकृत हो चुके हैं। स्वीकृत 536 में से 511 में भवन अनुज्ञा प्रदान की जा चुकी है और उसमें से 350 से अधिक में कार्य भी प्रारंभ हो चुका है।

विदित हो कि योजना के तहत वही हितग्राही पात्र होगें, जिनके पास देश में किसी भी स्थान पर पक्का आवास न हो, परिवार की वार्षिक आय 03 लाख रूपए से कम हो, भूमि स्वामित्व/पट्टा संबंधी दस्तावेज हो तथा परिवार के सभी सदस्यों का आधार व आवेदक का बैंक खाता हो। भिलाई निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी घटक अंतर्गत अब तक 5920 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। नगर पालिक निगम भिलाई की अधिकांश बसाहट नियोजित है तथा निगम भिलाई के क्षेत्र का बड़ा भाग भिलाई इस्पात संयंत्र, औद्योगिक क्षेत्र एवं रेलवे मे सम्मिलित होने से उक्त भूमियों पर पट्टा वितरण का प्रावधान नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी. घटक अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में नवीन पट्टा का वितरण संबंधी कोई योजना प्रभावशील नहीं होने के कारण नवीन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी. घटक अंतर्गत लाभान्वित किया जाना वर्तमान में संभव नहीं हो पा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा अपील की गई है की यदि कोई आवेदक के पास प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी अंतर्गत स्वयं की भूमि/पट्टा है तथा उनकी वार्षिक आय 03 लाख रूपए से कम है तथा देश में कहीं भी उनके नाम पर पक्का मकान नहीं है तो निगम के जोन क्र.03 मदरटेरेसा नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय या निगम के दूरभाष पर कार्यालयीन अवधि में संपर्क कर सकते हैं।

## जोन-2 में निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण सौंदर्यीकरण व स्वच्छता पर दिया जोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 अक्टूबर।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन 2 वैशाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले परदेसी चौक, लोकांगन, शांति नगर और शांति नगर दशहरा ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे सौंदर्यीकरण, संधारण और स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परदेसी चौक स्थित गार्बेज वेरिएबल पॉइंट के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बताया कि यह स्थल पहले कचरा फेंकने का स्थान था, जिसे अब पेविंग, पेंटिंग और हरियाली के माध्यम से आकर्षक रूप दिया जा रहा है।

## सुखताल में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



कबीरधाम, 25 अक्टूबर (आरएनएस)। ग्राम सुखताल, थाना कवर्धा क्षेत्र में हत्या की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर प्रार्थी मुकेश वर्मा पिता देवदत्त, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम सुखताल ने बताया कि रात में उनके घर के पास परछी में अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट कर एक व्यक्ति को गंभीर चोट पहुँचाई। घटना के दौरान परिवार भयभीत था और उन्होंने चुपचाप खिड़की से देखा। घायल व्यक्ति मेन गेट के सामने खून से लथपथ पड़ा मिला और गंभीर चोट के कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान विनोद साहू पिता मोहित साहू, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम सिंघनपूरी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक का अपने ही चाचा, आरोपी विश्वनाथ साहू पिता सोनू राम, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम सिंघनपूरी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला के परिवार की महिला सदस्य के साथ अवैध संबंध को लेकर विवाद हुआ। इसी आपसी विवाद में आरोपी ने गुस्से में आकर मृतक पर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना कवर्धा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र दो घंटे के भीतर आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी से पूछताछ जारी है और अग्रिम वैधानिक कार्यवाही तेजी से की जा रही है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (छ्वक्क) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी कृष्णा चंद्राक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान एवं टीम द्वारा संपन्न हुई। इस कार्यवाही में थाना कोतवाली से उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल, सहायक उप निरीक्षक कौशल साहू, राजकुमार चंद्रवंशी, आरक्षक अजय वैष्णव, हिरेंद्र साहू, संतोष बांधेकर, धर्मेंद्र मरावी एवं साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा।

कबीरधाम पुलिस जनता से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के विवाद या आपसी मतभेद में हिंसा का रास्ता न अपनाएं। किसी भी संदिग्ध या महत्वपूर्ण जानकारी की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को दें। कानून के खिलाफ किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अपराधियों के खिलाफसख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ग्राम जर्वे में मारपीट कर युवक की हत्या के मामले में 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 26 अक्टूबर।** प्रार्थी बुध्देश वर्मा निवासी ग्राम जर्वे द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 22.10.2025 के रात्रि 08:30 बजे से 09:00 बजे के बीच लड़ाई-झगड़ा की आवाज सुनने पर प्रार्थी, उसके पिता एवं उसका भाई कैलाश वर्मा निकल कर बाहर आए। इसी समय आरोपी पड़ोसी कामेश्वर साहू, जतिराम साहू एवं अन्य आरोपियों द्वारा उसके पास आकर अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए कैलाश वर्मा को घसीट कर मारते पीटते गांव के चौक के पास ले जाकर खंबे में बांध दिया गया। वहीं पर एक अन्य आहत व्यक्ति प्रकाश साहू को भी आरोपियों द्वारा बांधकर रखा गया था। दोनों के साथ आरोपियों द्वारा हांथ मुक्का, डंडे एवं जीआई पाइप आदि से गंभीर रूप से मारपीट किया गया। प्रार्थी एवं उसके पिता पुरूषोत्तम वर्मा, गेंदराम साहू द्वारा बीच-बचाव करने पर आरोपियों द्वारा उनके सांथ भी अश्लील गाली गलौज कर मारपीट किया गया। उक्त घटना एवं मारपीट पर से कैलाश वर्मा को गंभीर चोंटे आई, जिसे शासकीय अस्पताल पलारी में प्रारंभिक इलाज पश्चात जिला अस्पताल बलौदाबाजार रिफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दिनांक 23.10.2025 के सुबह 04:00 बजे कैलाश वर्मा की मृत्यु हो गई। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 428/2025 धारा 296,127(2),109,103(1),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। की प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल ग्राम जर्वे पहुंच सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रकरण में शामिल समस्त गवाहों, उपस्थित ग्रामवासियों से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया, जिसके आधार पर तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से प्रकरण में शामिल 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी, उसके पिता पुरूषोत्तम साहू, गेंदराम साहू, उसके भाई कैलाश वर्मा एवं प्रकाश साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया गया, जिससे मृतक कैलाश वर्मा उम्र 25 साल निवासी ग्राम जर्वे की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। कि प्रकरण में सभी 04 आरोपियों को आज दिनांक 24.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



## एक नजर

### व्यापारियों से पैसा वसूलने के मामले में कलेक्टर ने गठित की जांच समिति

**बलौदाबाजार, 26 अक्टूबर।** महिला उत्पीड़न जांच समिति बनाये जाने के नाम पर श्रम विभाग के कतिपय अधिकारियों द्वारा व्यापारियों से पैसा वसूल किये जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने जांच समिति गठित कर एक दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। गठित जांच समिति में एसडीएम बलौदाबाजार को अध्यक्ष, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बलौदाबाजार एवं सहायक श्रम पदाधिकारी को सदस्य बनाया गया है। जांच समिति को शिकायत की गंभीरता पूर्वक जांच कर रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने कहा गया है। ज्ञाताव्य है कि महिला उत्पीड़न जांच समिति बनाये जाने के नाम पर श्रम विभाग के कतिपय अधिकारियों द्वारा दीपवाली के पूर्व बलौदाबाजार के व्यापारियों से पैसा वसूलने की शिकायत जिला प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई थी। जिला प्रशासन द्वारा शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर दी गई है।

### म्यूल अकाउंट का संचालन करने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 26 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा म्यूल अकाउंट खातेदारों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में ग्राम कुम्हारी निवासी आरोपी लक्ष्मी नारायण पटेल सहित 04 अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया गया था, जिनके द्वारा अपने खाते को साइबर फ्रॉड में म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग किया जाना पाया गया। जिस पर जांच उपरांत थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 763/2025 धारा 317(4),318(4),61(2)(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के जांच क्रम में तथा गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ पर प्राप्त जानकारी में कई अन्य आरोपियों के संबंध में पता चला, जिनके द्वारा साइबर ठगी से रकम प्राप्त करने हेतु म्यूल अकाउंट का संचालन किया जा रहा है।



प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ, परिस्थितिजन्य एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी शैलेन्द्र चौहान एवं अनिल कुर्रे को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि आरोपी शैलेंद्र चौहान द्वारा बैंक खाता को कमीशन पर लिया जाता था तथा वर्तमान में अनिल कुर्रे के साथ मिलकर महाकाल ऑनलाइन गेमिंग एप में ढाई-ढाई प्रतिशत में ऑनलाइन गेमिंग का कार्य करता था। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 24.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना मे है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के घर का सपना हुआ साकारः महंती बेक

**रायपुर,26 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं वंचित आवास विहीन परिवारों को आवास के साथ साथ आधारभूत संरचना की सुविधा उपलब्ध कराना, जिससे उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हो सके। सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों के साथ भागीदारी में किफायती आवास की सुविधा उपलब्ध कराना। ऋण से जुड़ी ब्याज सब्सिडी के माध्यम से कमजोर वर्गों के लिए किफायती आवास की सुविधा उपलब्ध कराना। श्रीमती महंती बेक का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने की राह पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उनके पति श्री सुनील के नाम से पक्के मकान की स्वीकृति मिली है, जिसका निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से प्रगतिरत है। जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सन्ना गांव की रहने वाली श्रीमती महंती बेक को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उनके पति श्री सुनील के नाम से पक्के मकान की स्वीकृति मिली है, जिसका निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से प्रगतिरत है। मिट्टी और टिन की झोपड़ी में जीवन बिताने वाली महंती बेक अब अपने नए पक्के घर की दीवारें खड़ी होते देख खुश हैं। श्रीमती महंती बेक के वर्षों पुरानी सपना अब साकार होने की राह पर है। महंती बेक बताती हैं कि ÷हमारा जीवन कठिनाईयों से भरा रहा। मैं और मेरे पति रोज़ मजदूरी करके किसी तरह घर का खर्च चलाते हैं। दो छोटे बच्चों की परवरिश के साथ पक्का घर बनाना हमारे लिए एक सपना ही था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने यह सपना पूरा कर दिया। वे बताती हैं कि इस योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहायता मिली।

# प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूत करें: किरण सिंह देव

### प्रदेशाध्यक्ष देव ने ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात

**जगदलपुर 26 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज रविवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नानगूर मण्डल के ग्राम पंचायत पंडरीपानी में बूथ क्रमांक 178 में ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम की 127 कड़ी का प्रसारण सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने इस अवसर पर कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की 140 करोड़ जनता से सीधे जुड़ते है और संवाद स्थापित करते हैं। मन की बात कार्यक्रम देश को दिशा प्रदान करता है। हम सभी प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूत करें।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम में प्रकृति से जुड़े महापर्व छठ को श्रद्धा, अपनापन व परंपरा का प्रतीक बताया और समस्त देशवासियों को छठ महापर्व की बधाई व शुभकामनायें दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर अंचल का विशेष रूप से उल्लेख करते हुये कहा कि बस्तर के माओवादी क्षेत्र में कभी आतंक का अंधेरा रहता था, वहाँ इस दीपावली में अमन के दीपक से समूचा क्षेत्र रौशन हुआ है। स्वच्छता अभियान को लेकर अंबिकापुर में जागरूकता लाने प्लास्टिक के कचरे के बदले गार्डेन कैफे में लोगों को भरपेट भोजन कराने के नये अनूठे प्रयोग की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रशंसा की। देश को एकता के सूत्र में बांधने वाले लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी 31अक्टूबर को उनकी 150 वीं जयंती पर आयोजित होने वाली एकता दौड़ में सभी देशवासियों से शामिल होने की अपील की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आने वाले 7 नवम्बर को राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जिसमें संपूर्ण देश में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुण्डा को श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुये आगामी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस समूचे देश में हर्षोल्लास से मनाने की बात कही।

नानगूर मण्डल में मन की बात कार्यक्रम श्रवण के दौरान प्रमुख रूप से रजनीश पानीग्राही,नानगुर मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, महामंत्री चंद्रकांत सेठिया,रैदू नाग, उपाध्यक्ष जय मोहन शर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती पार्वती शर्मा, सरपंच रोहित पंत, उप सरपंच चैतन कश्यप, राजू पोयाम, धरमूराम मंडावी, लखीधर बघेल, अमलपति बैस, राजेश ओगले, उदय दुबे, सुनील सोनी, अजय सोनी, हरिशंकर कश्यप, प्रकाश नागेश, गगन, परस ठाकुर, श्रीमती संगीता ठाकुर, हेमेश्वरी, सीता ठाकुर,फूलमती,जयंती,एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### छठ पर्व सूर्य उपासना, संयम और सामाजिक एकता का प्रतीकः जिला अध्यक्ष आशा देवी



**तिल्दा नेवरा 26 अक्टूबर।** तिल्दा नेवरा निवासी रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी साहू एवं प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ के दास जी साहू ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर द्य कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का अदभुत संगम है जो भगवान सूर्य देव की उपासना, परिवार की खुशहाली, संतान की दीर्घायु और प्राकृतिक तत्वों के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि मानव और प्रकृति के सहअस्तित्व का सबसे पवित्र संदेश भी देता है।

आशा देवी साहू एवं दास जी साहू ने आगे कहा कि छठ पूजा में श्रद्धालु उदयमान और अस्त होते भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। यह परंपरा भगवान सूर्य देव की अपार शक्ति, प्रकाश और जीवनदायिनी ऊर्जा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छठी मैया जिन्हें भगवान सूर्य देव की बहन माना जाता है से भक्त अपने बच्चों की रक्षा, स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं। छठ पर्व का प्रत्येक नियम और परंपरा संयम, शुद्धता और आत्मनियंत्रण का संदेश देता है। व्रतीजन बिना नमक का सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं , और पूरी श्रद्धा से उपवास रखते हैं। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह शारीरिक और मानसिक शुद्धि का माध्यम भी है। छठ व्रत व्यक्ति में अनुशासन, धैर्य और निष्ठा की भावना जागृत करता है।आज के बदलते समय में जब लोग प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं, तब छठ जैसे पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इसमें नदियों, तालाबों औरभगवान सूर्य की आराधना के माध्यम से पर्यावरण के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। यह त्योहार लोक संस्कृति और पारिवारिक एकता को सशक्त बनाता है। छठ पर्व में सामाजिक एकता और सहयोग की भावना भी झलकती है। लोग मिल-जुलकर घाटों की सफाई करते हैं, व्रतीजनों की सहायता करते हैं और सामूहिक श्रद्धा का वातावरण निर्मित करते हैं। यह त्योहार समाज में भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। छठ पर्व हमें यह सिखाता है कि जब तक हम प्रकृति और समाज के साथ संतुलन में रहेंगे, तब तक हमारा जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भरपूर रहेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि इस छठ पर्व पर पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखें, प्लास्टिक का उपयोग न करें और श्रद्धा, शुद्धता एवं प्रेम के साथ भगवान सूर्य देव की उपासना करें।

### थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वटगन में एक फल विक्रेता की हत्या



**बलौदाबाजार 26 अक्टूबर।** आज दिनांक 25.10.2025 को प्रातः सूचना मिली कि थाना पलारी क्षेत्र के ग्राम वटगन में एक फल विक्रेता की उसकी घर में ही सिर में प्राणघातक वार करते हुए अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या कर दी गई है। की सूचना पर थाना पलारी का पुलिस बल द्वारा घटनास्थल ग्राम वटगन पहुंच, घटनास्थल का जांच एवं पंचनामा कार्यवाही प्रारंभ किया गया। साथ ही फॉरेसिंक की टीम द्वारा भी घटनास्थल एवं शव का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। शव ग्राम वटगन के ही अमित गिरी उम्र 45 वर्ष का होना पाया गया, जो की फल विक्रेता का काम करता था। प्रारंभिक जांच एवं पंचनामा कार्रवाई पश्चात शव को पोस्टमार्टम करने के लिए रवाना करने की कार्यवाही की जा रही है। घटना के वक्त घर में मृतक अकेला था। मृतक की पत्नी एवं बच्चे रात में नाचा कार्यक्रम देखने के लिए ग्राम लटेरा गए हुए थे। प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्यवाही की जा रही है, जिसमें घटना दिनांक 24.10.2025 के रात्रि 10:00 से लेकर दिनांक 25.10.2025 के प्रातः 09:00 बजे के मध्य का होना पाया गया है। अग्रिम कार्यवाही के संबंध में आपको पृथक से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### हेलमेट जोन में हेलमेट पहने बिना, दोपहिया वाहन चलाने वाले आरक्षक पर की गई चालानी कार्रवाई

**बलौदाबाजार 26 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में समुचित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु बलौदाबाजार यातायात पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं समुचित यातायात व्यवस्था हेतु बलौदाबाजार नगर में प्रवेश करने वाले दो प्रमुख चौक डोटोपार बाईपास चौक एवं सकरी बायपास चौक को हेलमेट जोन घोषित किया गया है, जिसमें बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 25.10.2025 को दोपहर 02:00 बजे लगभग डोटोपार चौक हेलमेट जोन से बिना हेलमेट पहने, मोटरसाइकिल चलाने वाले आरक्षक क्र 698 गणपत लहरे वर्तमान तैनाती थाना भाटापारा ग्रामीण के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है। आरक्षण गणपत लहरे डोटोपार चौक हेलमेट जोन में बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालन कर रहा था, जिसके विरुद्ध यह चालानी कार्रवाई की गई है। हेलमेट जोन में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।



# कत्ता दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 26 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 24.10.2025 को लोहे का एक धारदार कत्ता दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आज दिनांक 24.10.2025 को समाधान सेल में सूचना मिला की एक आरोपी द्वारा बस स्टैंड पलारी में लोहे का एक धारदार कत्ता लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। की सूचना पर थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी संतोष साहू को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से लोहे का एक धारदार कत्ता जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 431/2025 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



# माता-पिता को समर्पित कविताओं की काव्य गोष्ठी

**रायपुर 26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल रायपुर द्वारा दीपावली मिलन के अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ. हर्षवर्धन तिवारी के ग्रंथ और सीडी का विमोचन एवं माता-पिता को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन विगत दिवस को वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस, रायपुर में किया गया। मुख्य अतिथि थे डॉ. हर्षवर्धन तिवारी एवं अध्यक्षता आचार्य अमरनाथ त्यागी ने की। विशेष अतिथि चिंतक लेखक कवि संजीव ठाकुर, कवि अंबर शुक्ला, डॉ रीता शुक्ला, लतिका भावे थीं। कार्यक्रम का प्रभावी तथा सार्थक संचालन कवि सुनील पांडे ने किया।डॉ. हर्षवर्धन तिवारी ने मां की गोद को सिंहासन बताया..



मां उनकी गोद मेरा पहला सिंहासन था
उनकी छाती मेरा पहला बिस्तर था।
उनकी निगाह,उनकी बाहें मेरी पहली रक्षा कवच द्य

सविता राय ने पढ़ा..

मां हमारी हो, या सरहद पार की, एक जैसी होती है सबकी मां
काली गौरी नही होती है मां, मोटी दुबली नहीं होती है

कवि संजीव ठाकुर नए अलग अंदाज में कविता का पाठ किया-

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा
मां मैं मुझे ईश्वर दिखाई दिए।
मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर मां को देखा था
अब ईश्वर को देख लिया
क्योंकि मां होती है
ईश्वर भी होते हैं।

नवोदित कवित्री धेर्या छाजेड़ ने पढ़ा...

आसान जीवन का स्वप्न हर हृदय संजोता है पर जो खुद से पहले औरों की सोचे, उजियारा उसी से होता है।

इस अवसर पर लतिका भावे, अंबर शुक्ला अंबरीश, डॉ. रीता तिवारी, गोपाल सोलंकी, श्रीमती मधु तिवारी, अभिषेक चंद्राकर, संजीव ठाकुर, आर. डी. अहिरवार, सुरेन्द्र रावल, कन्हैया लाल, कावेरी व्यास, जागृति मिश्रा, रवि, मन्नू लाल यदु, चंद्रकांत अग्रवाल, युक्ता राजश्री नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा, छबिलाल सोनी, राजेंद्र रायपुरी, रामचंद्र श्रीवास्तव, शोभा शर्मा, यशवंत यदु, प्रीति रानी तिवारी ने भी प्रस्तुति दी।धन्यवाद ज्ञापन सुनील पांडे ने किया।

# मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 26 अक्टूबर।** प्रार्थीया शीबा खूंटे निवासी ग्राम करमदा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 17.10.2025 को रात्रि 09:00 बजे उसके पति हरिनारायण खूंटे एवं ससुर मालिक राम खूंटे दोनों भागते हुए घर में आए। उनके शरीर में गंभीर चोंट के निशान थे तथा खून निकल रहा था। उसके पीछे-पीछे आरोपी संजय साहू, गोवर्धन साहू एवं अन्य आरोपी भी हाथ में डंडा लेकर आए तथा उनके द्वारा अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए पुनः उसके पति एवं ससुर के साथ मारपीट करने लगे। प्रार्थिया एवं उसके रिश्तेदारों द्वारा किसी तरह लड़ाई-झगड़े को छुड़वाकर आरोपियों को घर से बाहर निकाला गया। तत्पश्चात इस मारपीट के संबंध में पूछने पर उसके पति द्वारा बताया गया, कि ग्राम करमदा में बाजार चौक सोसायटी के पास आरोपियों द्वारा पूर्व में जुआ खेलने की बात को लेकर, अश्लील गाली गलौज किया जाने लगा, जिसे उसके द्वारा मना करने पर आरोपियों द्वारा लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट को देख उसके पिता मालिक राम के द्वारा बीच-बचाव किया गया, तो आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट किया गया है।



कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1011/2025 धारा 296,115(2),351(2),333,3(5),117(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पूर्व में जुआ खेलने की बात को लेकर आवेश में आकर प्रार्थी के पति उसके ससुर के साथ, अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना स्वीकार किया गया, जिससे प्रार्थीया के पति एवं उसके ससुर को गंभीर चोंटे आई है। कि प्रकरण में शामिल सभी चारों आरोपियों को आज दिनांक 25.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### मानपुर में गौरा-गौरी विवाह महोत्सव का शानदार 15वां वर्ष पूर्ण

# विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गौरी-गौरा महोत्सव का समापन

**मोहला-मानपुर26 अक्टूबर।** मानपुर के कोसाराव पारा (गौरा चौक) में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी गौरा-गौरी विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। बाल कृष्ण गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर ने बताया कि कोसाराव पारा में विगत 14 वर्षो से गौरा-गौरी विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, तेरह दिनों तक चलने वाले महोत्सव करवा चौथ को गौरा-गौरी व गणपति जी की मूर्ति स्थापना के साथ आयोजन का शुभारंभ होता है।

**पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ निकली बारातः** लक्ष्मी पूजा के रात्रि भगवान शिव (गौरा) और माता पार्वती (गौरी) के विवाह पर प्रतिमा श्रृंगार के बाद गड़वा बाजे की पारंपरिक धुन व आतिशबाजी के साथ भव्य बारात निकाली गई, इसके बाद गौरा-गुड़ी की परिक्रमा कर विवाह की रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया।

गौरा-गौरी विवाह महोत्सव का सबसे विशिष्ट गड़वा बाजा की मधुर धुन पूरे वातावरण की भक्तिमय बना देती है। गाँव की माताएं-बहनों द्वारा गौरी-गौरी के मंगलगीत गाकर शिव पार्वती के विवाह का वर्णन करते है। यह गीत छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य का मूल खजाना और पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक परंपरा से संरक्षित है। भाई दूज पर शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण कराया गया जगह-जगह लोगों ने श्रद्धापूर्वक पूजा अर्जना की और गौरा-गौरी विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

**गोवर्धन पूजा के अवसर पर भव्य रिकॉन्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजनः** कार्यक्रम के अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर ने महोत्सव में मिले योगदान के लिए समस्त जनप्रतिनिधिगण, कर्मचारीगण, व्यापारीगण एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। रिकॉन्डिंग डांस प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान माता के महिमा डांस परिवार डोमहाटोला खैरागढ़, द्वितीय जय माँ बंजारी डांस ग्रुप जिला शक्ति, तृतीय स्थान बस्तरिया डांस ग्रुप अंतागढ़, युगल नृत्य पर प्रथम स्थान खिलावन करीना खैरागढ़, द्वितीय मिताली एवं दामिनी गिधाली, तृतीय स्थान दामिनी सालू सेन घोरदा, एकल नृत्य पर प्रथम स्थान पिंकी बंजारे डोंगरगांव, द्वितीय संजू रावटे जबकसा मानपुर, तृतीय स्थान अवनी देवांगन मानपुर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यरूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, जिला पंचायत सदस्य सुशीला भण्डारी, जनपद उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, मदन लाल साहू, मनीष निर्मल, राजू टांडिया, प्रकाश मिश्रा, सरपंच शकुंतला घावड़े, उपसरपंच दिनेश शाह मंडावी, जनपद सदस्य रेणु टांडिया, राधिका अंधारे, संगीता मिश्रा, मनीष जैन, गणपत चांडक, अनिल नाग, बिंदा कचलामे, हरीश लाटिया, खेमचंद देवांगन, सुरेश कोर्राम, सागर सिन्हा, तनुज मंडल, त्रिवेंद्र शाह मंडावी, राजहंस मंडावी सहित समिति के संरक्षक अविनाश सेन, प्रशान्त मरकाम, कोषाध्यक्ष सत्यव्रत सिन्हा, उपाध्यक्ष वरुण बघेल, सचिव राहुल मालेकर, सहसचिव शैलेन्द्र यादव, सदस्य अंकित देवांगन, आशीष भंडारी, मनीष सिन्हा, विजय देशमुख, नितेश नेताम, तुषार देवांगन, सूरज सेन, खिलावन साहू, हरीश यादव, संदीप जामडे, नारायण नेताम, दीपेश यादव, सक्षम वर्मा, आनंद नायक, सुनील यादव, योगेंद्र साहू, समीर मंडावी, मनीष यादव, दिलीप यादव, रिंकू यादव, चंचल सिन्हा, नेहा यादव, दिव्या, चेष्टा देवांगन, पियूषा, अंजली, तनु, प्राची, नन्दिनी सिन्हा, भावना, सपना, राखी, दामिनी सिन्हा, आरवी सेन सहित समस्त ग्रामवासियों का महोत्सव में विशेष योगदान रहा।



## जो नहीं करना था, आखिर वही किया...


संपादकीय

इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि कांग्रेस को संगठन के तौर पर मजबूत करने की जरूरत है। कांग्रेस के कई दशकों से चले आ रहे पुराने तौर तरीकों से कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं हो रहा था। कहने को कांग्रेस का एक संगठन तो होता है लेकिन जब भी चुनाव आते हैं तो संगठन की कमजोरी के कारण कई राज्यों में कांग्रेस चुनाव हारती रही है। चुनाव में ही पता चलता है कि कांग्रेस संगठन के तौर पर कमजोर है, इसीलिए चुनाव नहीं जीत पा रही है। कहीं किसी नेता के कारण संगठन मजबूत होता है और वह चुनाव एक बार जीत भी जाता है तो वही संगठन सरकार बनने के बाद कमजोर हो जाता है और दूसरी बार पार्टी को चुनाव जिता नहीं पाता है क्योंकि सत्ता में आते ही कांग्रेस में गुटबाजी की पुरानी बीमारी फैल जाती है और इसी कारण कांग्रेस कमजोर हो जाती है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने एक बार जीत हासिल की तो माना गया कि यहां संगठन मजबूत है इसलिए कांग्रेस चुनाव जीत सकी। लेकिन वही कांग्रेस सरकार बनने के पांच साल के भीतर कमजोर हो गई क्योंकि संगठन के नेता व कार्यकर्ता नेताओं के गुट के हो गए।कांग्रेस में जितने बड़े नेता होते हैं, उनका अपना एक गुट होता है। बड़े नेता की कोशिश होती है कि उसके समर्थकों को विधायक की टिकट मिले, संगठन में पद मिले ताकि वह अपने इलाके में मजबूत संगठन के कारण चुनाव जीत सकें व जिता सकें।हर नेता की यही कोशिश होती है कि उसके क्षेत्र में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा होना चाहिए।उसे अपने क्षेत्र की चिंता ज्यादा होती है, पार्टी की चिंता ज्यादा नहीं होती है, इसलिए भी कई बार कांग्रेस नेता के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करती है लेकिन राज्य में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा नहीं होता है। इससे राज्य में नेता तो मजबूत बने रहते हैं लेकिन कांग्रेस राज्य में कमजोर हो जाती है। छत्तीसगढ़ में पांच साल कांग्रेस की सरकार रहने के बाद तो कांग्रेस को संगठन के तौर पर और मजबूत होना था लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। पांच साल सरकार रहने के बाद संगठन के तौर पर कमजोर हुई है और आलाकमान ने इसके लिए कांग्रेस के बड़े नेताओं को दोषी माना है। यही वजह है कि इस बार जब कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में प्रदेश के बड़े नेताओं की भूमिका को नजरअंदाज कर दिया और पर्यवेक्षकों को भेजा गया,उनको जिम्मेदारी दी गई इस बार जो जिला अध्यक्ष बनाए जाएं, उनको सभी की सहमति से बनाया जाए यानी जिसके पक्ष में ज्यादा से ज्यादा लोग कहें कि यही ठीक है, उसे ही जिला अध्यक्ष बनाया जाए। इसके लिए पार्टी के भीतर से लेकर क्षेत्र के हर वर्ग से लोगों से बात की गई ताकि जब किसी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाए तो लोगों को लगे कि अध्यक्ष को उसने चुना है, लोगों को लगे कि जिला अध्यक्ष को हमने चुना है इसलिए यह तो हमारा अध्यक्ष है। कांग्रेस की यह सोच तो अच्छी है कि नए तरीके से अध्यक्ष चुनने से जिला स्तर पर सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय संतुलन और प्रदर्शन आधारित जिम्मेदारियों को लागू करने पर गुटबाजी कम की जा सकती है और संगठन को चुस्त बनाया जा सकता है।जिला अध्यक्षों की पहुंच दिल्ली में आलाकमान तक होने से राज्य व जिले की जो बाते पहले आलाकमान तक ठीक से नहीं पहुंचती थी अब पहुंचेगी। इससे बड़े नेताओं में डर रहेगा कि अब आलाकमान तक उनकी हर बात पहुंच सकती है, इससे वह पहले जो खुलकर करते थे अब नही कर पाएंगे। अब तक कांग्रेस में जिला अध्यक्ष चुनाव ठीक रास्ते पर था लेकिन आखिरी में दिल्ली में कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने वही गलती कर दी जो उसे नही करनी थी। जिला अध्यक्ष के लिए जब सब कुछ हो चुका था तो प्रदेश अध्यक्ष, चरणदास महंत,टीएस सिंहदेव, भूपेश बघेल से जिला अध्यक्षों के लिए सुझाव नहीं लेना था। उनसे उनके प्रभाव वाले क्षेत्र में जिला अध्यक्ष के लिए नाम नहीं लेना था।प्रमुख नेताओं की जिला अध्यक्ष के लिए आखिरी में सलाह लेकर उनकी पूछपरख करने का परिणाम यह होगा कि जिसकों को जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा,अब माना यही जाएगा, चर्चा यही की जाएगी कि क्षेत्र के नेता विशेष के कहने पर ही जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिला अध्यक्षों के नाम सामंने आने पर कहा तो यही जाएगा कि कौन से जिला का कांग्रेस अध्यक्ष किस नेता के कहने पर बनाया गया है। कितने जिला अध्यक्ष नेता अपने समर्थकों को बनाने में सफल रहे हैं।नेताओं के कारण किन अच्छे युवाओं को जिला अध्यक्ष बनने का मौका नहीं मिला।

# छठ पर्व भारतीय संस्कृति का एक उज्ज्वल प्रतीक है

पर्व

संजय सक्सेना,लखनऊ



छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय के साथ हो चुकी है और इसके साथ ही वातावरण में भक्ति और पवित्रता का अद्भुत संगम दिखाई देने लगा है। नदियों, तालाबों और पोखरों के किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ जमा है। लोग अपने शरीर और मन को शुद्ध करने के लिए स्नान कर रहे हैं, ताकि आने वाले दिनों में वे पूरी तपस्या और संकल्प के साथ व्रत का पालन कर सकें। छठ पर्व भारतीय संस्कृति का एक उज्ज्वल प्रतीक है, जो यह सिखाता है कि जीवन में पवित्रता, संयम और प्रकृति के प्रति सम्मान बनाए रखने से ही सच्ची समृद्धि संभव है। यह पर्व हर वर्ष हमें याद दिलाता है कि सूर्य न केवल हमारे शरीर को रोशनी देता है, बल्कि हमारी आत्मा को भी ऊर्जा प्रदान करता है। छठ महापर्व विज्ञान, अध्यात्म, लोक और प्रकृति, विचारों तत्वों का ऐसा संगम है जिसमें भारतीय जीवन-दर्शन की समग्र झलक दिखाई देती है। इस दिन व्रत रखने वाले शुद्ध शाकाहारी आहार ग्रहण करते हैं, जिसमें अक्सर लौकी और चने की दाल का उपयोग होता है। यह भोजन जल ग्रहण से पूर्व तैयार किया जाता है और उसे पूर्ण श्रद्धा से ग्रहण किया जाता है। इसके साथ ही घरों में स्वच्छता और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है, क्योंकि छठ पर्व में पवित्रता सर्वोपरि मानी जाती है। छठ महापर्व भारत के उत्तर और पूर्वी भागों में विशेष रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाता है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें किसी प्रकार की मूर्ति पूजा नहीं होती, बल्कि सीधे सूर्य देव और उनकी पत्नी ऊषा की आराधना की जाती है। छठ के चारों दिनों में अनुशासन, संयम और भक्ति का अनुपम उदाहरण देखने को मिलता है। नहाय-खाय के बाद दूसरे दिन खरना होता है, जिसमें व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को गन्ने के रस या गुड़ से बने खीर-रोटी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। फिर तीसरे और चौथे दिन अस्ताचलगामी तथा उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत संपन्न किया जाता है। इस दौरान घाटों पर लोकगीतों की मनमोहक ध्वनि, ढोल-मंजीरे की ताल और दीपों की रौशनी पूरे वातावरण को भावनाओं से भर देती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत त्रेतायुग से हुई थी। कहा जाता है कि जब भगवान राम वनवास से लौटकर अयोध्या आए, तब माता सीता ने कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर सूर्य देव की उपासना की थी और तभी से



यह पर्व लोकजीवन में प्रचलित हुआ। एक अन्य कथा के अनुसार, महाभारत काल में सूर्यपुत्र कर्ण प्रतिदिन सूर्य देव की उपासना करते थे। वे अपने जीवन में असीम शक्ति और तेज प्राप्त करने के लिए उदय और अस्ताचल दोनों काल में सूर्य को अर्घ्य देते थे। यही कारण है कि छठ पर्व में उगते और डूबते सूर्य, दोनों की पूजा का विधान है। यह पर्व इस तथ्य को भी उजागर करता है कि सूर्य को केवल ऊर्जा के स्रोत के रूप में नहीं, बल्कि जीवनदायी शक्ति के रूप में भी देखा जाता है। वैदिक ग्रंथों में सूर्य को 'सर्व लोक प्रकाशक' कहा गया है, जो समस्त जीवों को जीवन प्रदान करते हैं। छठ पूजा के माध्यम से यह विश्वास दृढ़ होता है कि प्रकृति के प्रति सम्मान और आभार का भाव हमारे जीवन का आधार है। ग्रामीण समाज में छठ पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की मिसाल भी है। पूरा गाँव, मोहल्ला और समाज इस चार दिवसीय महोत्सव में एक साथ जुड़ जाता है। लोग एक-दूसरे के घर सहयोग से सामान पहुँचाते हैं, घाट साफ करते हैं और सामूहिक रूप से पूजा की तैयारी करते हैं। इसमें न कोई भेदभाव होता है, न ही कोई ऊँच-नीच का भाव। सभी लोग समान आस्था और समान श्रम से इस पर्व को सफल बनाते हैं। छठ पर्व का एक और अनूठा पहलू यह है कि इसमें व्रत करने वाले अधिकतर महिलाएँ होती हैं, लेकिन पुरुष भी समान श्रद्धा से इस तप में भाग लेते हैं। व्रती लगातार 36 घंटे तक बिना अन्न और जल ग्रहण किए रहकर सूर्य देव से संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार के कल्याण की कामना करते हैं। इस व्रत को करने से मानसिक स्थिरता, आत्म-शुद्धि और आत्म-संयम की भावना विकसित होती है। घाटों पर जब डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, तो वह दृश्य इतना भावनात्मक होता है कि देखने वाला हर व्यक्ति उस क्षण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठता है। सैकड़ों दीप जल उठते हैं और जल में उनकी परछाइयाँ टिमटिमाते तारों की तरह नजर आती हैं। लोकगीतों की सजीवता उस पल को और भी जीवंत बना देती है। ये गीत मातृत्व, आस्था, प्रेम और सामाजिक सौहार्द के भावों से रचे होते हैं। इनमें लोक परंपरा की वह गरिमा बसती है जिसने भारत की सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रखा है। छठ महापर्व का वैज्ञानिक महत्व भी गहराई से जुड़ा है। जब सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, तो जल की सतह पर झुककर सूर्य की किरणों का प्रतिबिंब देखा जाता है। यह प्रक्रिया नेत्रों के लिए लाभकारी मानी जाती है क्योंकि इससे नेत्रों की कोशिकाएँ सक्रिय होती हैं और शरीर में सूर्य ऊर्जा का संतुलन बनता है। इसके अतिरिक्त व्रत से शरीर में विषैले तत्वों का निष्कासन होता है और लंबे उपवास के कारण शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। इसी कारण छठ को न केवल धार्मिक बल्कि स्वास्थ्य से जुड़ा पर्व भी कहा जाता है। लोक मान्यताओं के अनुरूप छठ पूजा के दौरान बनाई जाने वाली हर वस्तु का विशेष अर्थ होता है। बांस की टोकरी में फल, ठेकुआ, केला, नारियल, नींबू और गन्ना रखा जाता है जो समृद्धि और पवित्रता के प्रतीक हैं। व्रती जब घाट पर जाती हैं, तो उनके साथ परिवार के लोग भी प्रसाद की टोकरी उठाकर चलते हैं। यह सामूहिकता का सुंदर प्रतीक है। बच्चे और बुजुर्ग, सभी उत्साह में शामिल होते हैं। घाटों पर सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर सफाई अभियान चलाते हैं ताकि भक्त निर्बाध रूप से पूजा कर सकें। शाम और सुबह का अर्घ्य इस पर्व का चरम क्षण होता है, जब आसमान लालिमा से भर जाता है और जल में उतरता सूर्य दिव्यता का प्रतीक बन जाता है। छठ महापर्व का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होता है। सूर्योदय के समय जब व्रती जल में खड़े होकर दोनों हाथों से अर्घ्य देते हैं, तो उनके चेहरे पर संतोष और कृतज्ञता की झलक दिखती है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आस्था और कृतज्ञता का भावनात्मक विसर्जन है। चार दिनों की तपस्या के बाद जब व्रती अपने घर लौटते हैं, तो उनके मन में एक अनोखा आत्मसंतोष होता है कि उन्होंने अपने परिवार के कल्याण के लिए सृष्टि के सबसे बड़े ऊर्जा स्रोत के प्रति अपनी निष्ठा प्रदर्शित की।

## सू- दोकू क्र.209

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.208 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -209


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 208 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी और आप किसी काम को लेकर अपने मन में दुविधा बिल्कुल ना रखें, यदि ऐसा हो, तो उन्हें दूर करने की पूरी कोशिश करें। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आप अपने काम को लेकर किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी और राजनीति में भी आपको अच्छे काम करने का मौका मिलेगा, जिससे आपकी छवि और निखरेगी, लेकिन आपकी अपने किसी मित्र से खटपट हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज न करें, नहीं तो आने वाले समय में वह बढ़ सकती हैं, जो आपकी मुश्किलों को बढ़ाएंगे।

**मिथुन** आज आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। छोटा बच्चा आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकता हैं। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे। यदि आपने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया, तो उसमें आपको अच्छी सफलता मिलने से खुशी होगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। व्यापार से संबंधित किसी काम को लेकर आप यात्रा पर जा सकते हैं। मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा, क्योंकि बॉस आपके प्रमोशन की बात आगे कर सकते हैं, लेकिन परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कोई समस्या आने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपने धन का सदुपयोग करें और किसी को उधार देने से बचें। कार्यक्षेत्र में किसी अजनबी पर आपको आंख मूंदकर भरोसा करना भी आपकी समस्या बनेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपकी बेवजह की टेंशन में बढ़ेंगी। व्यवसाय में आपको पिछले कामों के लिए मान सम्मान मिलेगा। आपको यदि कोई आंखों से संबंधित समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आस पड़ोस के किसी व्यक्ति से आपकी कहासुनी हो सकती है। यदि ऐसा हो, तो आप अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें, क्योंकि आपकी छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने की आदत आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप खर्च थोड़ा सोच समझकर ही करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपके मनमौजी स्वभाव के कारण कार्यक्षेत्र में कोई गड़बड़ी हो सकती है। आप अपने बिजनेस को ऊंचाई तक ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। घर परिवार में सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आपको कुछ महत्वपूर्ण मामलों में सावधान रहना होगा। आपकी खर्च करने के आदत आपका कोई भारी नुकसान करवा सकती है। संतान की फरमाइश पर आप किसी बड़े वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा बिल्कुल ना करें।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्या बढ़ सकती है, इसके लिए आपको कुछ टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं। आपको भाइयों की सलाह पर चलना बेहतर रहेगा। दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा और आपकी किसी राजनीति के काम के और रुचि बढ़ सकती है, जिससे आपके एक साथ काफी काम हाथ लगेंगे, जो आपकी व्याकाग्रता को बढ़ा सकते हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा, जिससे आपके कुछ नए मित्र भी बन सकते हैं और आप बेवजह के कामों में ना पड़ें, आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आप अपने सुख साधनों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे, लेकिन यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें, जिससे आपकी काफी मुश्किलें आसानी से कम होगी।

**मकर** आज आपको अपने खर्च को कंट्रोल करने के चलने की आवश्यकता है। आपके मन में भटकाव रहने से आप इधर-उधर के मामलों को लेकर लापरवाही भी दिखा सकते हैं। अधिकारियों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लाभदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे थे, तो वह आपके लिए बेहतर रहेगी। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है। व्यापार कर रहे लोगों को काम समझने में समस्या आएगी, जिससे आपकी मुश्किल में भी दूर होगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपके व्याकाग्रता बढ़ सकती है।

**मीन** आज आपको कामों को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो उसे भी आप आसानी से दूर कर सकेंगे। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। आपकी किसी बात को लेकर आपके मन में कलह बनी रहेगी। आप अपने घरेलू मामलों को घर में ही निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा और सेहत को लेकर आपको थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।

# जम्मू-कश्मीर राज्यसभा चुनाव में बीजेपी की अप्रत्याशित जीत

अजय कुमार,



जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले राज्यसभा चुनावों ने राजनीतिक समीकरणों को हिला दिया है। चार सीटों पर हुए इन चुनावों में जहां नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने तीन सीटें हासिल कर अपना वर्चस्व बरकरार रखा, वहीं चौथी सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अप्रत्याशित जीत दर्ज की। भाजपा के उम्मीदवार और प्रदेश अध्यक्ष सत शर्मा ने एनसी प्रवक्ता इमरान नबी दार को 10 वोटों से हराकर अपना स्थान ऊपरी सदन में सुनिश्चित किया। यह जीत मात्र एक सीट की नहीं, बल्कि आगामी जम्मू-कश्मीर राजनीति में भाजपा की रणनीतिक पैठ का संकेत है। इस चुनाव परिणाम का सबसे रोचक पहलू यह रहा कि विधानसभा समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं थे। भाजपा के पास खुद के 28 विधायक हैं, जबकि एनसी, कांग्रेस, पीडीपी और वाम दल सहित 'इंडिया गठबंधन' के पास लगभग 52 वोटों का आंकड़ा था। इसके बावजूद भाजपा उम्मीदवार सत शर्मा को 32 मत मिले, यानी चार अतिरिक्त वोट हासिल हुए। यह चार वोट ही भाजपा के लिए निर्णायक साबित हुए। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि कुछ विपक्षी विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की, या उन्होंने अपने मतपत्रों को अमान्य बनाकर अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा की मदद कर दी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस नतीजे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और आरोप लगाया कि एनसी समर्थक गठबंधन के चार विधायकों ने जानबूझकर गलत प्राथमिकता संख्या लिखकर वोट अमान्य किए। उन्होंने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया कि क्या इन विधायकों में इतना साहस है कि वे स्वीकार करें कि उन्होंने भाजपा को जीतने के लिए अपने वोटों को बेकार किया? वहीं, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस प्रमुख सज्जाद लोन ने इस मुकाबले को फिक्स मैच बताते हुए आरोप लगाया कि यह नतीजा एनसी और भाजपा की मिलीभगत से तय हुआ था। हालांकि सज्जाद लोन का खुद वोटिंग से दूर रहना भी राजनीतिक रूप से ध्यान खींचने वाला कदम रहा। उनके अनुसार एनसी ने जानबूझकर कांग्रेस को कमजोर कर चौथी सीट पर भाजपा को बढ़त दी। इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल विपक्षी एकता में दरार उजागर की, बल्कि यह भी दिखाया कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं अब भी साझा राजनीतिक उद्‌देश्य से ज्यादा मजबूत हैं। यह परिणाम ऐतिहासिक इसलिए भी है क्योंकि यह अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद का पहला बड़ा संसदीय चुनाव था। भाजपा के लिए सत शर्मा की जीत राष्ट्रीय एकीकरण की नीति के समर्थन का



प्रतीकात्मक संदेश बनकर आई है। कश्मीर घाटी में पहली बार ऐसा हुआ कि एक राष्ट्रीय पार्टी ने गठबंधन बहुमत के बावजूद विपक्षी दलों में सेंध लगाकर राज्यसभा सीट हासिल की। भाजपा समर्थकों ने इस जीत का जश्न मनाते हुए मोदी-मोदी के नारे लगाए, जिसे पार्टी ने केंद्र की नीतियों पर जनता की मुहर बताया। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो यह जीत भाजपा के लिए मनोवैज्ञानिक और रणनीतिक दोनों अर्थों में अहम है। इससे जहां पार्टी ने अपने विरोधियों को यह दिखाया कि वह विरोधी सरकारों में भी अप्रत्याशित जीत हासिल करने का सामर्थ्य रखती है, वहीं भाजपा के संगठनात्मक तंत्र और स्थानीय नेटवर्क की सक्रियता भी सामने आई है। जम्मू क्षेत्र में भाजपा की मजबूत पकड़ पहले से जानी जाती थी, लेकिन इस बार पार्टी ने कश्मीर के विधायकों में भी प्रभाव डालने का परिचय दिया है।

दूसरी ओर, एनसी के लिए यह झटका है। तीन सीटों की जीत के बावजूद पार्टी चौथी सीट गंवाने से आंतरिक समीक्षा के दौर में है। उमर अब्दुल्ला और अन्य नेताओं के बयान यह दर्शाते हैं कि गठबंधन में विश्वास का संकट गहरा गया है। कांग्रेस और पीडीपी, दोनों दल यह मान रहे हैं कि एनसी ने चौथी सीट पर अपने उम्मीदवार को आगे रखकर रणनीतिक गलती की, जिससे भाजपा की अप्रत्याशित चढ़ाई हुई। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह नतीजा जम्मू-कश्मीर की आने वाली विधानसभा राजनीति पर गहरा असर डालेगा। भाजपा अब यह नैरेटिव बनाने में सफल होगी कि वह घाटी की राजनीति में भी अपनी जगह बना रही है, जबकि एनसी और कांग्रेस को अपने सहयोग तंत्र को लेकर पुनर्विचार करना होगा। केंद्र और राज्य के बीच संवाद की राजनीति को लेकर भी यह चुनाव संकेत देता है कि भाजपा अब घाटी में स्थायी राजनीतिक शक्ति बनने के अपने लक्ष्य की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ चुकी है। भाजपा अब इस जीत को सांकेतिक न कहकर संरचनात्मक राजनीतिक पुनरुत्थान के रूप में प्रस्तुत करेगी। वहीं एनसी के लिए यह संदेश है कि केवल क्षेत्रीय पहचान और गठबंधन राजनीति से अब जम्मू-कश्मीर का राजनीतिक संतुलन नियंत्रित नहीं रह सकता। भाजपा ने दिखाया है कि वह समर्थन से नहीं, रणनीति से जीत सकती है। इसीलिए इस एक सीट की जीत का असर आगामी पंचायत, विधानसभा और संसदीय चुनावों तक पड़ सकता है, जहां भाजपा अपने इस उदाहरण को कश्मीर में नया राजनीतिक समीकरण बताकर एक सशक्त अभियान की नींव रखेगी। इस प्रकार, जम्मू-कश्मीर की राज्यसभा की चार सीटों का यह चुनाव केवल विधायी घटनाक्रम नहीं बल्कि एक नया राजनीतिक अध्याय है। जिससे यह सिद्ध हो गया है कि गठबंधन की संख्याएं हमेशा अंतिम नहीं होती, समीकरणों के बीच कभी-कभी रणनीति भी सत्ता के समीकरण बदल देती है। भाजपा की यह सफलता आने वाले महीनों में न केवल विपक्षी शिविरों में वैचारिक संशय को गहरी करेगी बल्कि शायद घाटी की राजनीति में भी नए समीकरणों की शुरुआत का प्रतीक बनेगी।

एक नजर

## नक्सल क्षेत्र के 112 परिवार वाले ग्राम मुलेर तक विकास पहुंचाने का खाका तैयार



**दंतेवाड़ा, 26 अक्टूबर।** जिले के नक्सल प्रभावित मुलेर गांव तक अब विकास पहुंचाने का खाखा तैयार किया जा रहा है, 112 परिवार वाले नहाड़ी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम मुलेर में अब तक न तो सड़क थी न स्कूल-आंगनबाड़ी अब गांव से 3 किलोमीटर पहले कैम्प खोल यहां तक सड़क बना दी गई है। अब इसके आगे भी सड़क और बाकी काम करने की तैयारी की जा रही है। मुलेर गांव में स्कूल टीन शेड में बना हुआ है जिसे प्राथमिक शाला मुलेर का नाम दिया गया है। वहीं सहायिका के घर पर आंगनबाड़ी केंद्र के नाम पर महज खानापूर्ति पिछले कई सालों से की जा रही है। स्कूल में 1 शिक्षक की नियुक्ति है । मुलेर गांव जो सालों से दंतेवाड़ा से कटा हुआ था अब इस गांव को दो तरफ से सड़क से जोड़ा जा रहा है। अरनपुर, नहाड़ी होकर और सुकमा जिले के गादीरास, बड़ेचट्टी होकर सड़क बनाई जा रही है। सड़क बन जाने से अब मुलेर गांव तक एम्बुलेंस की सुविधा भी मिलने लगेगी। अभी ग्रामीणों को अपने ग्राम पंचायत आने के लिए भी दो पहाड़ उतरकर आना पड़ता है। नक्सल क्षेत्र होने के चलते जवानों की निगरानी में मुलेर तक सड़क निर्माण किया जा रहा है, अरनपुर की तरफ से नहाड़ी तक डामर सडक बन गई है, आगे पहाड़ होने के चलते सड़क का काम रुका हुआ है। चट्टी की तरफ से मुलेर से तीन किलोमीटर पहले तक सुकमा जिले से सड़क बनाई जा रही है। मुलेर तक पहले शासन की योजनाएं नहीं पहुंचती थी। गांव में अस्पताल बनकर तैयार है, स्कूल भवन बनाने की भी तैयारी की जा रही है। मुलेर के लोगों को राशन लेने करीब 24 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। गांव के लोगों को राशन ग्राम पंचायत नहाड़ी के काकडी में मिलता था, अब यह सुविधा गांव में ही है।

## स्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड सुपरवाइजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**जगदलपुर, 26 अक्टूबर।** जिले के परपा थाना क्षेत्र अंर्तगत बिरिंगपाल निवासी स्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड सुपर वाइजर टीआर. ठाकुर उम्र 69 वर्ष ने आज शनिवार की सुबह अपने भतीजे को फोन करने के बाद जंगल के बीच बने गाय गोठान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी ओ अनुसार मृतक टीआर. ठाकुर निवासी बिरिंगपाल जो कि स्वास्थ्य विभाग में सुपर वाइजर के पद में कार्यरत थे, पांच वर्ष पहले रिटायर्ड होने के बाद अपने परिवार के साथ ही रह रहा थे, आज शनिवार की सुबह अपने घर से अपनी मोटरसाइकिल लेकर घर से करीब एक किमी दूर स्थित गाय गोठान में जाकर बैओ थे, जहां आने जाने वालों ने उसे वहां बैठा देखकर उससे बात भी की, इस दौरान उन्होने अपने भतीजे को फोन कर बताया कि वह गोठान में बैठा हुआ है। परिजनों के वहां तक पंहुचने से पहले ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर परपा पुलिस मौके पर आ पहुंचकर शव को पीएम के लिए मेकॉज भिजवा दिया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

## नारायणपुर जिला व्यापारी संघ के दीपावली मिलन समारोह में एकता और व्यापारिक प्रगति पर जोर

**नारायणपुर 26 अक्टूबर।** जिला व्यापारी संघ द्वारा दीपावली के अवसर पर शंकर मैरिज हॉल में भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ लक्ष्मी की पूजा-अर्चना से किया गया, जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुबोध बेनर्जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बंसीलाल जैन, श्री धनराज जैन, श्री इंदरचंद जैन, श्री राजेश दीवान, श्री शांतिलाल संचेती, मनोज सोनी और श्री प्रकाश शर्मा शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष पंकज जैन ने की । मंच का संचालन व्यापारी संघ के सुनील कथूरिया द्वारा, अथितिओ का स्वागत गुलाबचंद और आभार उपाध्यक्ष जिला व्यापारी संघ किरीट पटेल द्वारा किया, इस दौरान सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे और व्यापारी समुदाय की एकता एवं समृद्धि पर जोर दिया।

### अवैध लैब संचालकों पर नहीं हो रही कोई कारवाई

# फर्जी पैथोलॉजी लैबों पर प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग बड़ा मेहरबान

संतोष चौहान

**दंतेवाड़ा 26 अक्टूबर।** जिले में अवैध पेथोलॉजी लैब कुकुरमुत्तों की तरह बढ़े चले जा रहे हैं। ये सभी पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से चल रहे हैं। लैबों में जांच के नाम पर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ तो किया ही जा रहा है साथ ही मरीजों से आर्थिक लूट भी की जा रही है। जिले भर में स्वास्थ्य अधिकारियों की मिलीभगत से अपंजीकृत लैबों का धंधा खूब फल फूल रहा है। आरटीआई से यह खुलासा भी हो चुका है कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत जिले में एक भी रजिस्टर्ड पैथौलॉजी लैब नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वयं आरटीआई में दिए जवाब में कहा है कि जिले में पंजीकृत लैबों की संख्या निरंक है। अब सवाल तो उठेंगे ही ना कि जब लैब ही फर्जी है तो इस पर स्वास्थ्य विभाग इतने वर्षो से कारवाई क्यों नहीं कर रही? क्यों मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ की छूट इन्हें दी जा रही है? इसके पीछे स्वास्थ्य विभाग का क्या स्वार्थ है स्वा0विभाग अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए इन पर पाबंदी क्यों नहीं लगा रही है? क्या स्वास्थ्य महकमा भी इनसे मिला हुआ है? क्या उनके संरक्षण में ही यह सारा खेल वर्षो से चल रहा है? क्या शिकायत पर जांच के नाम पर स्वास्थ्य विभाग केवल खानापूर्ति कर अपना दायित्व पूरा करती है? यह तमाम सवाल आम लोगों के जेहन में कौंध रहा है ।

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा जिले में करीब 3 दर्जन से भी ज्यादा पैथोलॉजी लैब धड़ल्ले से चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो जिले में चल रहे सभी पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इन लैबों की नियमित







निरीक्षण और लाईसेंसिंग की आवश्यकता होती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि वे सही मानकों और नियमों का पालन कर रहे हैं। इन अवैध लैबों की पहचान करने और उन पर कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि नागरिकों को सुरक्षित और सटिक चिकित्सा निदान मिल सके। बिना लाईसेंस के संचालित लैबों में नियमों की अनदेखी से मरीजों को उपचार का खतरा हो सकता है। इन लैबों का संचालन कौन कर रहा है? कौन जांच कर रहा है? जांच करने वाला व्यक्ति के पास कोई डिग्री भी है या नहीं इसे देखने जांचने की जहमत स्वास्थ्य विभाग तब तक नहीं उठाता जब तक मीडिया में कोई रिपोर्ट नहीं आ जाता अथवा कोई पीड़ित शिकायत करने उनके दफ्तर तक नहीं जाता। नर्सिंग होम एक्ट नियम के तहत स्वास्थ्य विभाग से रजिस्टर्ड संस्था जिसे स्वास्थ्य विभाग से लाईसेंस मिला है वो ही पैथोलाजी लैब का संचालन कर सकता है। लैब संचालन के लिए पैथोलॉजिस्ट का होना बेहद जरूरी है क्योंकि खून की जांच कर उसकी रिपोर्ट तैयार कर उस रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने की जिम्मेदारी भी पैथोलॉजिस्ट की ही होती है। जांच सही हो तथा मरीजों को सही रिपोर्ट मिल सके ताकि उस हिसाब से डॉक्टर मरीज को दवाईयां लिख सकें यह बेहद जरूरी होता है। लेकिन देखने में आ रहा है कि लैबों में मरीजों के खून जांच से लेकर तमाम प्रकार की जाचें धड़ल्ले से कर रिपोर्ट दी जा रही है। जांच रिपोर्ट में पैथालाजिस्ट डॉक्टरों का हस्ताक्षर वाली चिडिया बैठाकर रिपोर्ट थमा दिया जाता है। बदले में संचालक मोटी रकम मरीजों से वसूल रहे हैं। मलेरिया, टायफाईड एवं सीबीसी जांच के लिए 1200 से 1500 रूपए तक वसूले जा रहे हैं। जांच के नाम पर प्राईवेट पैथोलॉजी लैबों के संचालकों ने लूट मचा रखा है। मंडल पैथोलॉजी, संजीवनी पैथोलॉजी समेत अन्य लैब संचालक भी फर्जी तरीके से लैबों का संचालन कर रहे हैं। इन दोनो पैथोलॉजी लैबों में ही सबसे ज्यादा मरीज जांच करवाने पहुंचते हैं। जांच के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूल वसूलकर लैब संचालक काफी धनाढय बन चुके हैं। इनके पास महंगी गाड़िया एवं करोड़ों के फलैट है जो किराये पर चल रहे हैं। जगह जगह जमीने भी अपने व रिश्तेदारों के नाम खरीद कर रखे हैं। इनके संपत्तियों की गहनता से जांच की जाए तो आय से अधिक संपत्ति का खुलासा भी हो जाएगा।

बीते दिनों शिकायत पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को उचित जांच कारवाई का जिम्मा सौंपा था। सीएमएचओ ने जांच टीम बनाकर कुछ लैबों में जाकर जांच भी किया। रिपोर्ट बनाकर कलेक्टर को सौंप भी दिया मगर आजपर्यत प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य अधिकारी को किसी प्रकार की कोई कारवाई अवैध लैब संचालकों पर करने संबंधी निर्देश जारी नहीं की गई। इससे यह लगता है कि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग अवैध लैबों के प्रति गंभीर नहीं हैं। शिकायत पर यदा कदा जांच का दिखावा, कभी कभार लैबों को सील करने का ढोंग स्वास्थ्य अधिकारी करते हैं। थोड़ी बहुत पेनाल्टी लेकर इन्हें बख्श दिया जाता है। कुछ दिनों बाद फिर से लैबों का ताला खुल जाता है और फिर से शुरू हो जाता है मरीजों के साथ लूट खसोट। बस यही होता आया है और आगे भी यही होता रहेगा। आम लोगों की जान जाती है तो जाए इससे प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग को इन अवैध लैबों की पहचान कर उन पर कड़ी कारवाई करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लैब संचालक नियमों का पालन करते हुए वैधानिक रूप से लैबों का संचालन करें।

## विकासखंड स्तरीय खेल का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक शहीद वीर नारायण सिंह मिनी स्टेडियम चारामा में

**कांकेर,26 अक्टूबर।** बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए बस्तर ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार विकासखंड स्तरीय खेल का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक शहीद वीर नारायण सिंह मिनी स्टेडियम चारामा में किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी के.आर. साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जुनियर वर्ग महिला-पुरूष आयु 14 से 18 वर्ष अंतर्गत 29 अक्टूबर को कब्बडी, 100 मी. दौड़, 200 मी. दौड़, 400 मी. दौड़, रिले रेस, ऊंची कूद, लम्बी कूद, बॉलीवाल इत्यादि खेलों की प्रतियोगिता आयोजित होगी। सीनियर वर्ग महिला-पुरूष 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग अंतर्गत 30 अक्टूबर को कब्बडी, 100 मी. दौड़, 400 मी. दौड़, रिले रेस, शाटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, ऊंची कूद, लम्बी कूद, खो-खो, बॉलीवाल, बैंडमिंटन, फुटबॉल, तिरंजादी, कराटे की प्रतियोगिता आयोजित होगी।

# नक्सलियों ने नेलाकांकेर ग्राम में 2 ग्रामीणों की घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर दी

**बीजापुर, 26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में उसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत नेलाकांकेर गांव में शुक्रवार (24 अक्टूबर) रात को नक्सलियों ने 2 ग्रामीणों की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। मृतकों की पहचान रवि कट्टम (25 वर्ष) और तिरुपति सोढ़ी (38 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक तिरुपति का भाई सीआरपीएफ में जवान है। पुलिस ने आशंका जताई है, कि नक्सलियों ने बदले की भावना से इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलते ही उसूर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच के साथ ही पुलिस और सुरक्षाबल आस-पास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस नक्सली हत्या की वारदात के बाद इलाके में दहशत व्याप्त है।

बीजापुर के एएसपी चंद्रकांत गवर्णा ने बताया कि रात के समय नक्सली दोनों के घरों में घुसकर धारदार हथियारों से हमला करके वहां से भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद सुरक्षा बलों की गश्त और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। उन्होने कहा कि मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों को पकड़ने के लिए हर संभव कदम उठाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तिरुपति सोढ़ी 8वीं पास था, पेशे से किसान था। कट्टम रवि 12 वीं पास था। बताया जा रहा है दोनों का आवापल्ली, बीजापुर मुख्यालय आना जाना होता था। इसलिए मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने उनकी हत्या की है। विगत एक महीने में नक्सली 7 ग्रामीणों की हत्या कर चुके हैं । नक्सलियों ने बस्तर संभाग में अक्टूबर महीने में 5 ग्रामीणों को मौत के घाट उतारा है। 4 अक्टूबर को नक्सलियों ने सुकमा और बीजापुर जिलों में दो ग्रामीणों की हत्या की थी। इससे पहले सुकमा में दो और बीजापुर में एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया था। इससे पहले, 28 सितंबर को बीजापुर में नक्सलियों ने एक युवक 27 साल का सुरेश कोरसा मनकेली पटेलपारा निवासी की हत्या कर दी थी।



# 5 ग्रामीणों की मौत के लिए बस्तर सांसद ने अपनी सरकार व नक्सलियों को ठहराया दोषी

**जगदलपुर, 26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में फूड प्वाइजनिंग की वजह से 5 ग्रामीणों की मौत हो गई है। इस पर भाजपा के बस्तर सांसद महेश कश्यप ने नक्सलियों और सत्ताधारी लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। सत्ताधारी मतलब उन्होंने अपनी ही छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर सांसद ने सवाल खड़े कर दिए हैं । जगदलपुर में सांसद महेश कश्यप ने बीती रात में मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि अबूझमाड़ क्षेत्र के लोग कई प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त हैं। यही वजह है कि आज उन्हें बेमौत मरना पड़ रहा है, इसके जिम्मेदार कुछ लोग हैं। एक तो पूरे सत्ताधारी लोग हैं, और दूसरे माओवादी लोग हैं। इनकी वजह से हमारे लोगों को बेमौत मरना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि चाहे उल्टी-दस्त हो या फिर अन्य कोई कारण। अबूझमाड़ में आवाजाही और कनेक्टिविटी नहीं है। जिससे स्वास्थ्य अमला समय पर नहीं पहुंच पा रहा है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि हमारी सरकार की पूरी कोशिश है, कि वहां सड़क कनेक्टिविटी के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाएं । उन्होने कहा कि 5 लोगों की मौत होना यह दुर्भाग्यजनक है। सांसद ने कहा कि मैं अभी स्वास्थ्य अधिकारियों से बातचीत करूंगा। जो बीमार हैं उन्हें कैसे बाहर लाया जा सकता इस पर चर्चा करूंगा। उल्लेखनिय है कि यह मामला नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के डूंगा गांव के घोट पारा है। 14 अक्टूबर को इस गांव में एक ग्रामीण के घर तेरहवीं का कार्यक्रम था। जिसमें पूरा गांव शामिल हुआ था। यहां खाना खाने के बाद एकाएक ग्रामीणों की तबियत बिगड़ने लग गई थी। ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। गांव वाले गांव में ही सिरहा गुनिया से इलाज करवा रहे थे। जिसके बाद 14 अक्टूबर से लेकर 20 अक्टूबर के बीच 2 माह की बच्ची बेबी, बुधरी (25), बुधराम (24), लख्खे (45) और उर्मिला (25) की मौत हो गई। साथ ही करीब 25 ग्रामीण बीमार गए। इनमें से 20 से ज्यादा ग्रामीणों को फूड प्वाइजनिंग हो गई थी।

# एक नवंबर को उठ जाएंगे देव, बजेगी शहनाई



- 16 दिसंबर से 14 जनवरी 2026 तक रहेगा खरमास
- फरवरी में सबसे ज्यादा बजेगी शहनाईं

**दंतेवाड़ा 26 अक्टूबर।** पांच महीने से बंद मंगल कार्य 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी से शुरू हो जाएंगे। अगले दिन तुलसी विवाह होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल एकादशी 1 नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी जो 2 नवंबर सुबह 7.31 बजे तक विद्यमान रहेगी।

ऐसे में देवउठनी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं। देवउठनी एकादशी के अगले दिन द्वादशी पर तुलसी विवाह होता है। द्वादशी तिथि 2 नंबवर को सुबह 7.31 बजे से शुरू होकर 3 नवंबर को सुबह 5.07 बजे समाप्त होगी। इसके साथ ही मांगलिक कार्य अर्थात विवाह कार्यक्रम होने प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार नवंबर में 15 दिन सावों का मुहूर्त रहेगा। नवंबर माह में 2 नवंबर 3, 5, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 एवं 30 नवंबर को विवाह के मुहूर्त हैं। दिसंबर में 4, 5, 6 तारीख को विवाह के मुहूर्त हैं। गौरतलब है कि इसके बाद 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास रहेगा। इस दौरान विवाह, मांगलिक कार्य नहीं होंगे। जनवरी में 4 दिन मुहूर्त है। 16 जनवरी, 23, 25 व 28 जनवरी को विवाह मुहूर्त रहेंगे। फरवरी में सबसे ज्यादा विवाह के लिए शुभ मुहूर्त (सावे) रहेंगे। फरवरी 2025 में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त की तिथि है 2, 3, 6, 7, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 23, और 25 फरवरी को विवाह का मुहूर्त रहेगा। वहीं गृह प्रवेश के लिए 7, 8, 14, 15 और 17 फरवरी को शुभ मुहूर्त है।

## भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध शराब के अड्डे संचालित किए जा रहेः बघेल




**सुकमा, 25 अक्टूबर ।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष माहेश्वरी बघेल ने जिले में गांव-गांव फैले अवैध शराब कारोबार को लेकर भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि जिले में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है और इस पूरे नेटवर्क को भाजपा के ही कुछ स्थानीय नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तो भाजपा नेता शराबबंदी के नाम पर नाटक करते थे, और आरोप लगाते थे। लेकिन आज खुद भाजपा नेता शहरों से लेकर गांव-गांव तक अवैध शराब की दुकानें खुलवाने में शामिल हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सुकमा जिले के कई ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में फंस रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तत्काल छापेमारी कर अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाए और दोषियों पर आपराधिक कार्रवाई करे। माहेश्वरी बघेल ने विशेष रूप से भाजपा जिला सदस्य हुंगा मरकाम और दिलीप पेदी का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि उनके संरक्षण में अवैध शराब के अड्डे संचालित किए जा रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर जिला प्रशासन को शीघ्र ही ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि कार्रवाई नहीं होती है तो कांग्रेस पार्टी एसपी कार्यालय और संबंधित पुलिस थानों का घेराव कर उग्र आंदोलन करेगी।

## उप मुख्यमंत्री ने दूरस्थ ग्राम माहला के ग्रामीणों से किया वर्चुअल संवाद

**कांकेर, 26 अक्टूबर ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने शनिवार को जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के सुदूर अंचल में बसे ग्राम पंचायत परतापुर के आश्रित ग्राम माहला में आयोजित जनचौपाल में ग्रामीणों को वर्चुअल माध्यम से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उसे निराकृत करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्रामीणों से वर्चुअली संवाद करते हुए उनकी मूलभूत समस्या जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड इत्यादि की जानकारी लेते हुए शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का हर संभव लाभ ग्रामीणों दिलाने की बात कही। ग्रामीणों की मांग पर उनके द्वारा ग्राम पंचायत परतापुर में डोम निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं की पहुंच अब दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित ग्रामों में भी प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाएगी। माहला ग्रामवासी माओवादियों से पीड़ित होकर अपने गांव छोड़ चुके थे, वे अब पुनः अपने गांव में निवास कर रहे हैं। ऐसे सभी परिवारों के लिए शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई है।

# नक्सली गतिविधियों में कमी आने से ऑस्ट्रेलिया का 16 सदस्यीय पर्यटक दल बस्तर पंहुचा

**कोंड़ागांव, 26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कोंड़ागांव जिले में पंहुचे ऑस्ट्रेलिया के 16 सदस्यीय पर्यटक दल ने बस्तर को भारत का सबसे सुरक्षित और सुंदर पर्यटन स्थल बनने की बात कही। ऑस्ट्रेलियाई पर्यटकों ने बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय संस्कृति और लोक परंपराओं का करीब से अनुभव किया। उन्होंने कहा कि बस्तर वाकई अद्भुत है, यहां की धरती, लोग और संस्कृति मन मोह लेने वाली है।ऑस्ट्रेलियाई पर्यटकों ने बताया कि पहले नक्सलवाद के कारण वे बस्तर जैसे स्थानों पर आने से डरते थे, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। बस्तर अब एक सुरक्षित और आकर्षक पर्यटन स्थल बन गया है। उनका मानना है कि नक्सली गतिविधियों में कमी आने से बस्तर में पर्यटन की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। स्थानीय गाइडों ने बताया



कि पहले नक्सली घटनाओं के कारण विदेशी पर्यटक बस्तर तक नहीं पहुंच पाते थे । अब शांति पूर्ण माहौल के कारण पर्यटक यहां की जनजातीय संस्कृति को देखने आ रहे हैं, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं । ऑस्ट्रेलिया से आई एक पर्यटक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बस्तर पहुंचने पर उन्हें कहीं भी डर या असुरक्षा महसूस नहीं हुई । उन्होंने बताया कि यहां के लोग बेहद आत्मीय हैं, जिन्होंने उन्हें अपने घरों में बुलाया, साथ भोजन कराया और अपनी परंपराओं से परिचित करवाया। पर्यटक ने कहा कि ऐसा अपनापन दुनिया के किसी और कोने में शायद ही मिले। पर्यटकों ने बस्तर में गोवर्धन पूजा का आयोजन भी देखा। उन्होंने बताया कि गायों और पशुओं की पूजा के बाद ग्रामीणों ने उन्हें खिचड़ी खाने के लिए आमंत्रित किया। पर्यटकों के अनुसार, भारत में जल, पेड़-पौधों और पशुओं की पूजा का यह अनोखा नजारा उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव था।

### सिरहा गुनिया पारम्परिक वनौषधि वैद्य पुजारी संघ की बैठक में

# पारंपरिक वनौषधि ज्ञान को संरक्षित करने राज्यपाल,मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का लिया निर्णय

**कोंडागांव,26 अक्टूबर।** जिले के मर्दापाल में वन मंत्री केदार कश्यप के विधानसभा क्षेत्र में बस्तर संभाग के पारंपरिक सिरहा, गुनिया, बैगा, वैद्य और पुजारियों ने एक महत्वपूर्ण बैठक की । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जंगलों से लुप्त हो रही दुर्लभ जड़ी-बूटियों और वनौषधियों का संरक्षण और उनके अवैध व्यापार पर रोक लगाना एवं उसका संरक्षण करना था । वन महादेव मंदिर परिसर में आज शनिवार को आयोजित इस ब्लॉक स्तरीय बैठक में ÷सिरहा गुनिया पारम्परिक वनौषधि वैद्य पुजारी संघ बस्तर संभाग÷ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संघ ने गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाने, वनौषधियों की अवैध खरीदी-बिक्री रोकने और संघ को मजबूत बनाने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी समिति का गठन किया। बैठक में बस्तर क्षेत्र में तेजी से गायब हो रही पारंपरिक औषधीय वनस्पतियों की सुरक्षा, उनके अवैध क्रय-विक्रय पर रोक लगाने, सिरहा-गुनिया-वैद्य समुदाय को प्रशिक्षण देने की अपील की गई। साथ ही, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया। मौजूद पारंपरिक वैद्यों और सिरहाओं ने अपने सालों पुराने ज्ञान को साझा किया। ठेलूराम मौर्य ने वनौषधि से नसबंदी उपचार, रामचंद कश्यप ने नपुंसकता निवारण की जड़ी, बोमड़ा राम मंडावी (बास्तानार) ने लकवा, बवासीर और हड्डी जोड़ने की दवाई, बोगा राम मांझी (बारसूर) ने सूजन कम करने के लिए औषधीय स्नान, बुधराम गोंडिया पाल (आमाबाल) ने उल्टी-दस्त के इलाज में दक्षता, जमधर बड़े झुलना ने पेशाब में जलन और रुकावट दूर करने की जड़ी और बलराम कोर्राम (कोड़सानार) ने निमोनिया की जड़ी-बूटी से उपचार के अनुभव बताए। संघ ने शासन से मांग की है कि पारंपरिक वनौषधि ज्ञान को संरक्षित किया जाए। इसके अलावा सिरहा-गुनिया-वैद्य पुजारियों को औषधीय पौधों की पहचान और संरक्षण पर प्रशिक्षण दिया जाए और वन विभाग और परंपरागत चिकित्सकों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए।





# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत जिले में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिलेभर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को आयोजित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके और हर घर में स्वस्थ एवं सशक्त परिवार का निर्माण हो।

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा के संचालन में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। उन्हें पौष्टिक नाश्ता प्रदान कर आवश्यक स्वास्थ्य जांच जैसे हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकल सेल, मलेरिया, एचआईवी, वजन और ऊँचाई की जांच की गई। महिला चिकित्सकों द्वारा आयरन एवं कैल्शियम टैबलेट सेवन, स्वच्छता, और सुरक्षित मातृत्व के विषय में विस्तृत परामर्श एवं काउंसलिंग दी गई। शिविर के दौरान चिन्हित उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं



का निजी एवं शासकीय सोनोग्राफी केंद्रों में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच कराया गया। साथ ही गर्भवती माताओं को लेबर रूम एवं ऑपरेशन थिएटर का भ्रमण कराया गया, ताकि प्रसव से पूर्व होने वाले तनाव को कम किया जा सके और वे सुरक्षित प्रसव हेतु मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

जिला प्रशासन ने सभी गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं से अपील की है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ लें और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करें। सभी महिलाओं को सलाह दी गई कि वे नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं, बच्चे के पोषण पर ध्यान दें और प्रसव के लिए केवल मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों में जाएं। किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने के लिए भी जागरूक किया गया।

## समाचार संक्षेप

### ऑनलाइन होगी द्वितीय चरण में जिले की 6 रेत खदानों की नीलामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन के खनिज साधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्पादन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के तहत रेत खदानों के आवंटन की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन माध्यम (ई-नीलामी प्रणाली) से की जाएगी। इस नियम के अंतर्गत रायगढ़ जिले में द्वितीय चरण में कुल 6 रेत खदानों का आवंटन किया जाएगा। इनमें तहसील रायगढ़ के औंराभाठा, खरसिया के दर्रामुड़ा, धरमजयगढ़ के जोगड़ा, घरघोड़ा के कारीछापर, छाल के रीलो एवं तहसील रायगढ़ के सहजपुरी शामिल है।

इन रेत खदानों के आवंटन के लिए ऑनलाईन निविदा 24 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया है। निविदा के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी एमसटीसी पोर्टल https://mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sand-cg/inde&.jsp] खनिज साधन विभाग की वेबसाईट https://chhattisgarhmines.gov.in , जिला कार्यालय की वेबसाईट https://raigarh. gov.in/en/ तथा कार्यालय कलेक्टर खनिज रायगढ़ में एवं संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत भवन के सूचना पटल में अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है।

इलेक्ट्रानिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन)हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली, 7 दिवस 14 नवम्बर 2025 प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर 20 नवम्बर 2025 शाम 5.30 बजे तक एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से जमा की जा सकेगी।

नये नियमों में रेत खदान हेतु इलेक्ट्रानिक नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदक का डिजिटल सिग्नेचर क्लास-3 साईनिंग एण्ड इनक्रिप्सन, बैंक में आवेदक के स्वयं के नाम से खाता, छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, टिन नंबर, जीएसटीएन, आधार कार्ड एवं 2 शपथ पत्र आदि दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।

इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए खनि अधिकारी रायगढ़ से संपर्क कर सकते है।

### 8 लीटर अवैध ओडिशा की महुआ शराब जब्त, आरोपी को भेजा जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं प्र.सहायक आयुक्त आबकारी श्री क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार में शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आबकारी विभाग को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कोड़पाली, थाना पुसौर, जिला रायगढ़ में अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब का भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने छापेमारी की। जिसमें घनश्याम चौहान के रिहायशी मकान के एक कमरे से 8 लीटर ओडिशा राज्य निर्मित बरगद छाप अवैध महुआ शराब बरामद की गई, जिसका बाजार मूल्य लगभग 1,600 रुपये आंका गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक रागिनी पटेल के त्वरित और कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं समन्वित प्रयासों की विशेष भूमिका रही। आबकारी उप निरीक्षक कुशल पटेल और



आबकारी वृत्त रायगढ़ (दक्षिण) प्रभारी याजेंद्र मेहर ने प्रकरण दर्ज करने और कार्रवाई में अहम योगदान दिया। साथ ही, आबकारी मुख्य आरक्षक लाल सिंह कंवर और आबकारी आरक्षक अनिशा तिर्की की भी सराहनीय भूमिका रही। आबकारी विभाग ने बताया कि अन्य राज्यों से आने वाली अवैध शराब की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए लगातार सघन गश्त और कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत नियमित रूप से अवैध शराब की पकड़ और न्यायालयीन कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

## एक नजर

### त्योहार के बाद सफाई अभियान में जुटे नगर निगम के कर्मचारी

**धमतरी, 26 अक्टूबर।** दीपावली पर्व के समापन के बाद नगर निगम धमतरी द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। पांच दिवसीय त्यौहार के दौरान जहां शहरभर में रौनक और चहल-पहल बनी रही, वहीं अब त्योहार के बाद नगर निगम की टीम शहर को पुनः स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुट गई है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली महिलाओं ने एक बार फिर रिक्शा थाम लिया है, वहीं सफाई कर्मचारी झाड़ू और अन्य औजार लेकर गलियों, सड़कों और नालियों की सफाई में तेजी ला रहे हैं। दीपावली के दूसरे दिन अधिकांश कर्मचारियों के अवकाश पर रहने से सफाई कार्य में थोड़ी बाधा आई थी, लेकिन अब सभी पुनः अपने कार्य पर लौट आए हैं और पूरे जोश के साथ अभियान चला रहे हैं। नगर निगम अधिकारियों द्वारा सफाई कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारी मौके पर जाकर कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दे रहे हैं ताकि किसी भी वार्ड या क्षेत्र में गंदगी न फैले। सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विशेष रूप से नालियों, सार्वजनिक स्थलों और बाजार क्षेत्रों की सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है और नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें तथा सफाई कर्मियों का सहयोग करें, ताकि धमतरी स्वच्छ और सुंदर नगर के रूप में अपनी पहचान बनाए रखे।

### नगर निगम ने सुचारु यातायात के लिए चलाया मवेशी पकड़ो अभियान

**धमतरी, 26 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा शहर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से आवारा मवेशियों के विरुद्ध लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज निगम की गौ पकड़ो टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर कई आवारा मवेशियों को पकड़ा। पकड़े गए सभी मवेशियों को सुरक्षित रूप से अर्जुनी स्थित कांजी हाउस (गौठान) में रखा गया है। आज प्रमुख रूप से रुद्री रोड से गौरव पथ रोड में धरपकड़ अभियान चलाया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों के घूमने से यातायात में बाधा उत्पन्न होती है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही मवेशियों के कारण सड़कों पर गंदगी फैलने से स्वच्छता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। आधिकारियों ने पशु मालिकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें, बल्कि निर्धारित स्थानों पर ही रखें। ऐसा न करने वाले पशुपालकों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा जुर्माना और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए यह मवेशी पकड़ो अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### रजत जयंती पर कटबिटला में किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कोरबा 26 अक्टूबर।** राज्य स्थापना रजत जयंती के उपलक्ष्य में विकासखंड कोरबा ग्राम कटबिटला में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के साथ संवर्गीय विभाग उद्यान, पशु चिकित्सा, मछली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं के साथ तकनीकी जानकारी किसानों को प्रदान किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 अनुरूप महिला किसानों को सब्जी बीज बांट कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुष्मिता कमलेश अनंत सभापति कृषि स्थाई समिति, विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोषी धीवर, उप सरपंच कटबिटला, विजय कंवर एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित सीमा गौतम नायक, अनुविभागीय अधिकारी कृषि कोरबा, जी एस मरकाम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कोरबा, कुलदीप रात्रे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोरबा, सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# जिले में नवाचार व स्टार्टअप को बढ़ावा देगा 'छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन-2025'

## ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर, जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 के तहत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और नवप्रवर्तकों में नवाचार एवं उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला का आयोजन डीएसटी-आईटीबीआई, गुरुघासीदास विश्वविद्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में किया गया।



कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे ने जिले में नवाचार बढ़ाए जाने एवं छत्तीसगढ़ आइडियाथन 2025 में ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतिभागियों का पंजीयन कराए जाने हेतु शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। इस अवसर पर श्री चैतन्य मेहर द्वारा प्रतिभागियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम, इन्क्यूबेशन सुविधाएं, सरकारी सहायता एवं योजनाएं के साथ-साथ निवेश के अवसरों, साधारण विचार को नवाचार और तकनीकी सहायता के माध्यम से सफल व्यवसायिक मॉडल में परिवर्तित किए जा सकने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती अंजू नायक ने पंजीयन के फायदे एवं प्रक्रिया से कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने जिले के युवा, उद्यमी, छात्र-छात्राओं को 29 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन कराने हेतु आग्रह किया।

उल्लेखनीय है कि रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में उद्योग विभाग के अंतर्गत स्टार्टअप छत्तीसगढ़ द्वारा आइडियाथॉन 2025 स्टार्टअप पिचेस एवं अवार्ड्स इवेंट लॉच किया गया है। यह एक राज्यव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों स्टार्टअप और जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों के बीच नवाचार उद्यमिता और समावेशी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। यह छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन राज्य भर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें छात्र समुदाय से 10 संभावनाशील विचार एवं 10 अभिनव स्टार्टअप का चयन किया जाएगा। तत्पश्चात उन्हे राज्योत्सव इवेंट में अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। मूल्यांकन के आधार पर शीर्ष 5 छात्र विचार व शीर्ष 5 स्टार्टअप को 51 हजार रुपए नगद पुरुस्कार दिया जाएगा। माह नवम्बर में संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिनमें प्रत्येक संभाग से शीर्ष 3 विचारों का चयन किया जाएगा। इन्हें भी नगद पुरस्कार एवं स्थानीय इनक्यूबेटरों के माध्यम से मेंटरशिप प्रदान की जाएगी। इसके लिए आवेदन हेतु पंजीकरण लिंक 29 अक्टूबर 2025 तक उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर एडिशनल सीईओ श्री महेश पटेल, प्राचार्य/नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नोडल लाईवलीहुड कालेज एवं विभिन्न महाविद्यालयों के नोडल/प्राचार्य शामिल हुए।

# आयुर्वेद शिविर में 515 ग्रामीणों को मिला लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अक्टूबर।** आयुर्वेद औषधालय बुनगा के तत्वाधान में हर महीने स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अक्टुबर माह में गोतमा, बरपाली, बोन्दा, छिछोर उमरिया एवं सिहा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 515 ग्रामीणों ने लाभ उठाया।

डॉ.अजय नायक ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुँचाना है। शासन की मंशा यही है कि प्रत्येक व्यक्ति निरोगी रहे, सुखमय जीवन व्यतीत करे। जिसके लिए शासन विभिन्न प्रकार के योजनाएं चला रही है। बुनगा क्षेत्र में सतत स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरों से गांव के महिला, वृद्ध एवं असक्षम लोग लाभ उठा रहे हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सिर्फ उपचार ही नहीं अपितु स्वस्थ जीवन जीने के राह प्रसस्त करता है। डॉ.नायक ने कहा कि औषधि सेवन के साथ-साथ परहेज भी जरूरी है तभी रोग का समुचित



शमन होता है। आयुष चिकित्सक डॉ.जागृति पटेल द्वारा शिविरों मे उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह से बचाव, स्वस्थ जीवन शैली, योगासन, वातरोग, जरारोग, दिनचर्या, ऋतुचर्या के पंपलेट वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया। फार्मासिस्ट भोज मालाकार एवं राजेश साव द्वारा औषधि वितरण किया गया।

### धमतरी जिले में पुरी एवं पुरी नंबर-2 को पृथक राजस्व ग्राम घोषित किया गया

**धमतरी, 26 अक्टूबर।** जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 73 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तहसील धमतरी अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल छाती के ग्राम पुरी से पृथक कर ग्राम पुरी नंबर-02 को स्वतंत्र राजस्व ग्राम के रूप में गठित करने का आदेश पारित किया गया है। यह आदेश राजस्व वर्ष 2025-26 से प्रभावशील होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पुरी एवं पुरी नंबर-02, दोनों ग्राम एक ही ग्राम पंचायत के अंतर्गत आते हैं तथा इनकी सीमाएँ आपस में लगी हुई हैं। मिसल सर्वेक्षण वर्ष 1996-97 में दोनों ग्राम क्रमशः पुरी म.नं. 01 एवं पुरी म.नं. 02 के रूप में दर्ज हैं। वर्तमान में भुईया सॉफ्टवेयर में भी दोनों ग्रामों का नाम पृथक रूप से दर्ज है। ग्राम पुरी नंबर-02 एवं पुरी दोनों ग्रामों के लिए पृथक नक्शा, खसरा पंचशाला, किश्तबंदी खतौनी एवं अन्य राजस्व अभिलेख तैयार कर लिए गए हैं। दोनों ग्रामों के पृथक्करण संबंधी ईश्तहार 25 अगस्त 2021 को प्रकाशित किए गए थे, जिस पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। तत्पश्चात 7 अक्टूबर 2021 को आयोजित ग्रामसभा में ग्राम को पृथक राजस्व ग्राम घोषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कलेक्टर मिश्रा ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि दोनों ग्रामों के लिए पर्याप्त दखलरहित भूमि, भौगोलिक क्षेत्र, आबादी, चारागान, रास्ते, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी, तालाब, कब्रिस्तान, चौपाल एवं अन्य सामुदायिक सुविधाएँ पृथक-पृथक रूप से विद्यमान हैं। जनगणना 2011 के अनुसार पुरी नंबर-02 की जनसंख्या 521 तथा पुरी की जनसंख्या 1712 है।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से ठगी

**कोरबा 26 अक्टूबर।** जिले में बेरोजगार युवाओं को शराब दुकानों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठग सक्रिय हो गए हैं। ये ठग व्हाट्सऐप और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फर्जी भर्ती अभियान चला रहे हैं। युवाओं से कहा जा रहा है कि रकम जमा करने के 24 घंटे के भीतर मनचाही दुकान में जॉइनिंग मिल जाएगी।

### कैसे हुआ खुलासा

मामले का पर्दाफाश तब हुआ जब एक युवक ने शराब दुकान में नौकरी के लिए संपर्क किया। ठग ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र सौंपा, जिसमें उसे टीपी नगर की विदेशी मदिरा दुकान में सेल्समैन नियुक्त बताया गया था। दीपावली के अगले दिन जारी इस आदेश की पुष्टि के लिए जब युवक जिला आबकारी




कार्यालय पहुंचा, तो उसे बताया गया कि विभाग की ओर से कोई ऐसा आदेश जारी नहीं किया गया है।

### विभाग की जांच में खुली पोल

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि विभाग की जानकारी के बिना किसी भी दुकान में कर्मचारी की नियुक्ति संभव नहीं है। कुछ मामलों में दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर नौकरी पाने वालों की पहचान कर उन्हें सेवा से हटाया भी गया है। जिले में इस समय 37 देसी और विदेशी मदिरा दुकानें संचालित हैं। इनका संचालन ऑल सर्विस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड नामक एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। एजेंसी ने सभी दुकानों में सुपरवाइजर, सेल्समैन और मल्टीपर्पज कर्मचारी पहले ही नियुक्त कर दिए हैं। वर्तमान में किसी भी दुकान में कोई वैकेंसी नहीं है।

सहायक आयुक्त आशा सिंह ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति यदि शराब दुकान में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पैसे मांगता है, तो तुरंत विभागीय कार्यालय या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत करें। उन्होंने कहा, नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले तत्वों से सावधान रहें और किसी भी परिस्थिति में पैसे न दें।

### हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं भी नशा नहीं करेंगे : अशवंत साहू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 26 अक्टूबर।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम फुसेराडीह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुआ। आयोजन समिति के तत्वाधान में तुषार साहू का भव्य स्वागत किया।

अपने उद्बोधन में तुषार साहू ने कहा आज नशा मुक्ति का अर्थ है नशे की आदतों से मुक्ति प्राप्त करना। आज के समय में नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। शराब, सिगरेट, तंबाकू, गांजा, अफीम जैसे नशीले पदार्थ न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करते हैं, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करते हैं। नशे की लत व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति को कम कर देती है और उसे गलत रास्ते पर ले जाती है।

नशा करने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है, परिवार में कलह और असंतोष बढ़ता है। नशे के कारण अनेक अपराध भी होते हैं, जिससे समाज की शांति भंग होती है।

सरकार और समाज दोनों को मिलकर नशा मुक्ति के लिए कदम उठाने चाहिए। जागरूकता अभियान, शिक्षा, और नशा मुक्ति केंद्रों की सहायता से लोगों को इस बुराई से बाहर निकाला जा सकता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को स्वस्थ और सफल बनाना चाहिए।

इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। यही एक स्वस्थ, खुशहाल और सुरक्षित समाज की पहचान है।

### खड़सा व मोहकम रेत खदान उत्खनन पट्टा आबंटन के लिए इलेक्ट्रॉनिक नीलामी 20 नवंबर तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 26 अक्टूबर।** कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से महासमुंद तहसील अंतर्गत ग्राम खड़सा एवं मोहकम रेत खदान उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिसके लिए अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों का निविदा आमंत्रित किया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 14 नवंबर से 20 नवंबर 2025 कुल 07 दिवस तक जमा की जाएगी। बोलियां केवल ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गौरव सोलर स्काई के लगाए 3 किलोवाट सोलर प्लांट का शुभारंभ

# योजना बचत व ऊर्जा स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम : रंजना साहू

**धमतरी, 26 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत गौरव सोलर स्काई द्वारा हितग्राही महात्मा गॉधी वार्ड धमतरी निवासी कामिनी तिवारी पति महेन्द्र तिवारी के निवास में 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया गया। इस सौर ऊर्जा परियोजना का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए रंजना साहू ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि यह आर्थिक बचत और ऊर्जा स्वावलंबन की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। उन्होंने गौरव सोलर स्काई द्वारा स्थापित श्रीमती तिवारी के यहां किए गए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उद्देश्य हर घर सोलर, हर घर बिजली, हर घर आत्मनिर्भर को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरव सोलर स्काई के छत्तीसगढ़ प्रदेश संचालक पं. सुदेशधर दीवान जी ने बताया कि इस प्रकार के सोलर प्लांट लगाने से न केवल बिजली बिलों में भारी बचत होती है, बल्कि दीर्घकाल तक निरंतर एवं स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोमल सार्वा, डीपेंद्र साहू, बेनी प्रसाद तिवारी, कृष्णा साहू, सुदेश दीवान और गौरव दीवान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर सौर ऊर्जा को अपनाने की दिशा में प्रेरणादायक पहल के लिए गौरव सोलर स्काई टीम का आभार व्यक्त किया।

एक नजर

## 'मन की बात' को विधायक टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ता साथियों के साथ सुना



**तिल्दा नेवरा 26 अक्टूबर।** आज विधायक कार्यालय, तिल्दा में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को राजस्व मंत्री विधायक टंक राम वर्मा कार्यकर्ता साथियों के साथ सुना। आज के संस्करण में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर नगर निगम की प्रेरणादायक पहल 'गार्बेज कैफे' का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर तिल्दा नेवरा शहर मंडल ओर ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल। राम पंजवानी नरेंद्र शर्मा। स्वाति वर्मा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद नर्सिंग वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला करने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग



**डोंगरगढ़ 26 अक्टूबर।** पत्रकार पर किए गए हमले को लेकर कई समाजसेवियो के द्वारा कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों के कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञात हो कि 19 अक्टूबर को दोपहर लगभग 3 बजे पत्रकार प्रमोद शुक्ला के ऊपर आरोपी विनय एवं पूनम बंसल के द्वारा दुकान की फेटो खींचने को लेकर आपत्ति जताते हुए गाली गलौच कर प्रार्थी को जान से मारने तक का अथक प्रयास किया गया था और बीच बचाव के बाद प्रार्थी थाने पहुंचकर इस मामले की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराया था। इस घटना घटे 6 दिन बीत गया है। इसके बाद कई समाजसेवी प्रमुख रूप से लता अजय सिन्हा जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़, मनोज सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य,कैलाश उईके सरपंच संघ अध्यक्ष सहित रानीदान, मुन्नू, अरविन्द, बंटी नितिन,निशांत,राधे, मोहन, रमन, चिंटू, मिंटू, ललित सहित दर्जनों समाजसेवियों के द्वारा इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## राज्यपाल ने सरस्वती शिक्षा संस्थान



## को प्रदान किए चार ई-रिक्शे

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज राजभवन में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर को चार ई-रिक्शे प्रदान किए। उन्होंने राजभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से चार ई-रिक्शे की चाबी वाहन चालकों को सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। इन वाहनों का उपयोग विभिन्न सरस्वती शिक्षा संस्थानों में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पुर्णेन्द्रु सक्सेना सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से पर्यटन के अंतर्राष्ट्रीय पटल पर उभर रहा है जशपुर



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रेरणा और राज्य सरकार की पर्यटन संवर्धन नीतियों के अंतर्गत जशपुर अब विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बना रहा है। इसकी झलक हाल ही में तब देखने को मिली जब जर्मनी से आए पर्यटक श्री बर्नहार्ड और श्रीमती फ्रांजिस्का जशपुर की जनजातीय संस्कृति, कला और आत्मीयता से गहराई से प्रभावित हुए। दोनों पर्यटकों ने क्षेत्रीय स्टार्टअप ÷ट्रिप्पी हिल्स÷ के अनुभवात्मक पर्यटन कार्यक्रम के तहत जनजातीय जीवन की बारीकियों को समझा। यात्रा की शुरुआत मलार समुदाय से हुई, जो अपने उत्कृष्ट हस्तनिर्मित आभूषणों और शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध है। इन कारीगरों की रचनात्मकता ने विदेशी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के गांव में उन्होंने पारंपरिक जीवनशैली और प्रकृति के साथ गहरे संबंध को महसूस किया। वहीं अगरिया समुदाय के दौरे में लौह गलाने की पारंपरिक तकनीक का जीवंत प्रदर्शन हुआ, जिसने दोनों अतिथियों को आश्चर्यचकित कर दिया। यात्रा का समापन स्थानीय हाट-बाजार में हुआ, जहाँ रंगीन वस्त्र, मिट्टी की खुशबू और पारंपरिक जनजातीय संगीत ने जशपुर की जीवंत सांस्कृतिक धड़कन को अभिव्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हमेशा इस बात पर बल दिया है कि जशपुर की जनजातीय संस्कृति केवल धरोहर नहीं, बल्कि पर्यटन विकास का सशक्त माध्यम भी है। उनके नेतृत्व में जशपुर में सड़क, संचार और सुविधाओं के प्रसार से नए पर्यटन मार्ग तैयार हो रहे हैं। ÷कल्चर देवी÷ और ÷अनएक्सप्लॉरड बस्तर÷ जैसे संगठनों के सहयोग से स्थानीय समुदायों को भी अपने हुनर को दुनिया के सामने लाने का अवसर मिला है। यह अनूठा सांस्कृतिक अनुभव इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति अब वैश्विक आकर्षण का केंद्र

# आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय के लोकार्पण के लिए तैयारी जोरों पर



रायपुर, 26 अक्टूबर। नवा रायपुर, अटल नगर मे आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर बने भव्य एवं आकर्षक संग्रहालय के लोकार्पण के लिए तैयारी जोरो पर है। आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज संग्रहालय पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी 01 नवंबर को शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय का उदघाटन करेंगे।

शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय 50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। यहां 14 गैलरियों में अंग्रेजी हुकूमत काल में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की लगभग 650 मूर्तियां लगाई गई है। जनजातीय विद्रोहों के बारे में लोग आसानी से समझ सके इस लिहाज से डिजीटली व्यवस्था भी की गई है। मंत्री श्री नेताम ने निरीक्षण मौके पर कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की परिकल्पना का परिणाम है कि जनजातीय वर्गों के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान का प्रतीक संग्रहालय-सह स्मारक लोगों के समर्पित हो रहा है और यह संग्रहालय नई पीढ़ियों को पुरखों की वीर गाथाओं को अवस्मरणीय बनाएगा।

मंत्री श्री नेताम ने सभी आवश्यक तैयारियां व निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय में डिजीटलीकरण कार्य, दिव्यांगजनों हेतु पृथक पार्किंग व्यवस्था, सॉवेनियर शॉप, गार्डनिंग, वॉटर सप्लाई की स्थिति का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ आदिम जाति विकास विभाग प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, टीआरटीआई संचालक श्रीमती हिना अनिमेष नेताम सहित निर्माण कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोई भी पात्र परिवार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभ से वंचित न हो : कलेक्टर



**राजनांदगांव 26 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छ ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को शीघ्रता से गैस कनेक्शन प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभ से वंचित न हो, इसके लिए गैस कनेक्शन वितरण की जानकारी पंचायतों में सूचना पटल एवं स्थानीय माध्यमों से सार्वजनिक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करते हुए पात्र हितग्रहियों को गैस कनेक्शन प्रदाय करने कहा। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को फालोअप लेने के निर्देश दिए।

खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया कि जिले में 1 लाख 73 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया गया है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 अंतर्गत राजनांदगांव जिले को 5618 नग गैस कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत पात्र महिला हितग्राही को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन, गैस चूल्हा और पहली रिफिल प्रदाय की जाएगी। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारी एवं गैस एजेंसी संचालक उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिला हितग्राही को आवेदन पत्र के साथ उपलब्ध कराना होगा आवश्यक दस्तावेज

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिला हितग्राही को आवेदन पत्र के साथ परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की छायाप्रति, महिला मुखिया के बैंक खाता की छायाप्रति एवं राशन कार्ड की छायाप्रति की आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत हितग्राहियों से ऑफलाईन आवेदन एवं घोषणा पत्र प्राप्त किया जाएगा। प्राप्त आवेदन को गैस एजेंसी को प्रदान किया जाएगा। गैस एजेंसी द्वारा आवेदन ऑनलाईन दर्ज किया जाएगा एवं आधार सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी किया जाएगा। ई-केवायसी उपरांत पात्र हितग्राहियों का सब्क्रिशन वाउचर जारी किया जाएगा और गैस कनेक्शन इंस्टालेशन किया जाएगा।

## मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के युवा मुम्बई में छत्तीसगढ़ की संस्कृति का छटा बिखेरेंगे




**मोहला-मानपुर 26 अक्टूबर।** मुंबई (महाराष्ट्र)में आयोजित 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम हेतु मोहला-मानपुर-अं चौकी जिले के प्रतिभागी शुक्रवार को मुंबई के लिए रवाना हुए। मुंबई में अलग अलग प्रदेश से आए आदिवासी युवक युवतियां अपने अपने प्रदेश कि भाषा, वेशभूषा और लोक संस्कृति का आदान-प्रदान करेगें। आदीवासी युवक युवतियों को रवाना करने से पूर्व मेरा युवा भारत राजनांदगांव के जिला युवा अधिकारी श्री शुभजीत डे ने कहा कि यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है, उन्होंने सभी युवक युवतियों को मुंबई भ्रमण यात्रा कि शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निश्चित रूप से आप सभी विभिन्न प्रदेशों से आए अन्य प्रतिभागियों के संस्कृति,रहन सहन,अचार विचार सहित सरकार कि विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आएंगे, और इस कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं में भाग लेकर मोहला मानपुर अं.चौकी जिला सहित मेरा युवा भारत राजनांदगांव का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में माय भारत के ए.पी.ए.श्री तपन कुमार साहू, एस्कॉर्ट श्री सुशील शर्मा, सुश्री तृप्ति कुरै , ओमप्रकाश, गोविन्द साहू,लोकेश यादव उपस्थित थे।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने नए कॉलेज भवन का किया भूमिपूजन



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने सरगुजा जिले के लखनपुर तहसील के ग्राम हंसडांड में 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शासकीय महाविद्यालय भवन का भूमि पूजन किया।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ''सरकार की प्राथमिकता है कि हमारे क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य इसी परिसर में उपलब्ध हो। इस महाविद्यालय से बच्चों को कक्षा पहली से स्नातक तक पढ़ाई की सर्वश्रेष्ठ सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। नवीन भवन से स्थानीय विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी नई राह खुलेगी। शिक्षा का विस्तार ही सामाजिक विकास और आत्मनिर्भरता की सच्ची राह है''।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विद्यार्थियों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों की पुरानी मांग पूरी होना क्षेत्र के युवाओं की आकांक्षाओं की जीत है। अब उन्हें सर्वसुविधायुक्त भवन और अच्छे वातावरण में पढ़ाई के साथ भविष्य संवारने का अवसर मिलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह महाविद्यालय हमारे बच्चों के सपनों को नई उड़ान देगा और उन्हें अपने क्षेत्र में रहकर पढ़ाई व करियर बनाने की प्रेरणा देगा। भूमि पूजन के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, विद्यार्थी एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद श्यामलाल धुर्वे की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री केदार कश्यप

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप आज अपने मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान मंडला में आयोजित परिसर लोकार्पण एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने पूर्व सांसद स्वर्गीय श्री श्यामलाल धुर्वे की स्मृति में परिसर का लोकार्पण एवं मूर्ति का अनावरण किया। यह कार्यक्रम स्वर्गीय श्री धुर्वे के जन्म स्थान बम्हनी जिला मंडला मध्यप्रदेश में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने स्वर्गीय श्री धुर्वे के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी और समाज में विकास की अलख जगाई। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय श्री श्यामलाल धुर्वे का जन्म 25 अक्टूबर 1934 को हुआ था। उन्होंने 1972 से 1977 तक विधायक के रूप में और 1977 से 1979 तक सांसद के रूप में जनसेवा की। वे अपने सरल स्वभाव, ईमानदारी और जनहित के कार्यों के लिए प्रसिद्ध रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला उइके ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष मंडला श्री संजय कुशराम, श्री प्रफुल्ल मिश्रा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वर्गीय श्री धुर्वे के परिवारजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं हमारी सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वे आज राजधानी के नवा रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित क्रिटिकल केयर पर आधारित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'क्रिटिकॉन रायपुर-2025' में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि क्रिटिकॉन रायपुर-2025 चिकित्सा विज्ञान, विशेषकर क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता का मंच है। यह देश और विदेश के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं को एक साथ लाकर इस क्षेत्र में नई दिशाएं तय करने का अवसर देता है। क्रिटिकल केयर मेडिसिन जीवन रक्षा की रीढ़ है, जो गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को नया जीवन देती है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अस्पतालों, क्रिटिकल केयर इकाइयों और मेडिकल सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नवा रायपुर अटल नगर में मेडिसिटी और फार्मा हब का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही प्रदेश के अन्य शहरों में भी लगातार नए अस्पतालों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये कदम छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने रामकृष्ण केयर ग्रुप की पूरी टीम को इस राष्ट्रीय आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देशभर में एक चिकित्सा उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उभर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि क्रिटिकल केयर जैसे अति महत्वपूर्ण विषय पर कॉन्फ्रेंस की मेजबानी रायपुर को मिलना गौरव की बात है। दो दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में विशेषज्ञों के विचार-विमर्श से निश्चित रूप से ऐसे उत्कृष्ट नवाचार सामने आएंगे, जो मानव स्वास्थ्य उपचार के लिए वरदान साबित होंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि आज चिकित्सा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी के उपयोग से इलाज की नई संभावनाएं खुल रही हैं। यही नई तकनीक नए भारत की नई कहानी लिख रही है। उन्होंने चिकित्सकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जब घर में कोई आपात स्थिति होती है और मरीज को सही समय पर हॉस्पिटल पहुँचाया जाता है, तब परिवार के भय को मिटाने में क्रिटिकल केयर डॉक्टरों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि हर जिले और प्रत्येक बड़े अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट्स स्थापित हों। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार आम लोगों के लिए बड़ी राहत है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले देश-विदेश और प्रदेश के डॉक्टरों का मंच से सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. संदीप दवे, केयर ग्रुप के सीईओ श्री वरुण खन्ना, तथा देश-विदेश और राज्य भर से आए 1300 से अधिक डॉक्टर उपस्थित थे।


## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बनी ऊर्जा सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लोकहित में कारगर साबित हो रही है। सौर ऊर्जा का उपयोग कर बिजली उत्पादन करने की यह योजना ऊर्जा सशक्तिकरण की दिशा में मील पत्थर साबित हो रही है। राजनांदगांव शहर के बसंतपुर वार्ड नंबर 43 के निवासी श्री रामलाल पालीवाल ने बताया कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने विद्युत विभाग एवं वेंडर से संपर्क किया एवं अपने घर में 3 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग 12 से 15 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लगभग 10 यूनिट बिजली का उपयोग होता है। श्री रामलाल पालीवाल ने बताया कि अब बिजली बिल से राहत मिली है और बिजली की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बहुत उपयोगी है। इसका लाभ सभी को लेना चाहिए।

राजनांदगावं शहर के बसंतपुर वार्ड नंबर 43 के निवासी श्री रामलाल पालीवाल रूफटॉप सोलर प्लांट की लागत 1 लाख 75 हजार रूपए है। शासन की ओर से 78 हजार रूपए अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पहले बिजली के बिल से परेशान थे। 1200 से 1500 रूपए तक बिजली बिल आता था। वही गर्मियों में बढ़कर 2000 रूपए से अधिक बिजली का बिल देना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब बिजली के बिल से मुक्ति मिल गई है और अतिरिक्त बिजली 446 यूनिट जमा है। रूफ टॉप सोलर प्लांट पर्यावरण मित्र होने के साथ ही ऊर्जा के संरक्षण की दिशा में उपयोगी है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में लाभदायक साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है।

# किसानों की खुशहाली के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित : मंत्री राजवाड़े




**रायपुर, 26 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के ग्राम लांजित, रैसरा और सम्बलपुर (सेमरा) में आयोजित जलाशय जीर्णोद्धार कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विकास कार्यों की शुरुआत की। लांजित में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की खुशहाली और सिंचाई संसाधनों के विस्तार के लिए सतत कार्य कर रही है। जलाशयों के जीर्णोद्धार से किसानों को स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे कृषि उत्पादन को नई दिशा और गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है। किसानों की आय में वृद्धि और सिंचाई सुविधा का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। सन् 1986 में निर्मित लांजित जलाशय लगभग 39 वर्ष पुराना है, जो लंबे समय से क्षेत्र के किसानों को खरीफ फसलों के लिए सिंचाई सुविधा प्रदान करता रहा है। बांध की कुल लंबाई 435 मीटर तथा जल भराव क्षमता 24.95 मिलियन क्यूबिक फीट है। इस जलाशय से दो नहरें निकलती हैं – बाईं नहर 1650 मीटर एवं दाईं नहर 3390 मीटर लंबी है। जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर जलाशय अपनी रूपांकित सिंचाई क्षमता 240 हेक्टेयर प्राप्त करेगा, जिससे अधिक किसानों को लाभ मिलेगा।प्रदेश सरकार द्वारा इस जलाशय के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य हेतु 258.55 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने भैयाथान में जीवनदीप समिति की बैठक में भी सहभागिता की और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार पर चर्चा की।

## ग्राम खड़सा एवं मोहकम रेत खदान उत्खनन पट्टा आबंटन के लिए इलेक्ट्रॉनिक नीलामी 20 नवंबर तक

**महासमुंद, 26 अक्टूबर।** कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से महासमुंद तहसील अंतर्गत ग्राम खड़सा एवं मोहकम रेत खदान उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिसके लिए अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों का निविदा आमंत्रित किया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 14 नवंबर से 20 नवंबर 2025 कुल 07 दिवस तक जमा की जाएगी। बोलियां केवल ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 26 अक्टूबर। सामाजिक सद्भावना के लिए शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# नहाए-खाए के साथ छठ महापर्व की शुरुआत

## आस्था और ऊर्जा का दिखा संगम



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** लोकआस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा आज 'नहाए-खाए' के साथ शुरू हो गया. सूर्य उपासना का यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, पर्यावरण और ऊर्जा का अद्भुत संगम है. इस पर्व का प्रसार अब देश की सीमाओं को पार कर विदेशों तक पहुंच चुका है. नहाए-खाए के दिन व्रतियों ने स्नान कर पवित्रता का संकल्प लिया. परंपरा के अनुसार, इस दिन व्रती जौ-चावल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करते हैं. मान्यता है कि यह प्रक्रिया शरीर और मन को शुद्ध कर चार दिवसीय कठिन व्रत की नींव रखती है। छठ पर्व भारतीय संस्कृति की प्रकृति के प्रति गहरी संवेदनशीलता को दर्शाता है. इसमें जीवन और ऊर्जा के स्रोत सूर्य देव की उपासना के साथ ही प्रकृति के हर तत्व को नमन किया जाता है. व्रतियों द्वारा नदी और तालाबों के किनारे व्रत रखने की परंपरा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बनाए रखती है. पूजा में बांस की टोकरी, मिट्टी के दीये और प्राकृतिक अन्न का प्रयोग पर्यावरण-संरक्षण का सशक्त संदेश देता है. पर्व के दूसरे दिन 'खरना' में व्रती निर्जल उपवास कर गुड़-चावल की खीर का प्रसाद बनाते हैं. सबसे महत्वपूर्ण तीसरे दिन होता है, जब अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है. चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न होता है. इन दो रातों में घाटों पर भक्ति संगीत, लोकगीत और असंख्य दीपों की ऊर्जा से वातावरण अलौकिक हो उठता है।

## कलेक्टर ने किया तालाबों का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 अक्टूबर।** नहाए खाए की रस्म के साथ छठ पर्व की शुरुआत हो चुकी है आज निर्जला व्रत के साथ खरना की परंपरा निभाई जा रही है वहीं 28 अक्टूबर कल तालाबों में शाम को डूबता सूरज को अर्ध दिया जाएगा. इसके लिए प्रशासनिक तौर पर तालाबों की साफसफाई व प्रकाश व्यवस्था आदि का कार्य पूर्ण हो चुका है इसके साथ ही तालाबों पर सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम भी किए जाएंगे। तालाबों में छठ पर्व की तैयारी को लेकर दुर्ग जिला कलेक्टर अभिषेक सिंह ने आज भिलाई के तालाबों का भ्रमण किया और अधिकारियों से तैयारी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल तथा भिलाई नगर निगम के कमिश्नर राजीव पांडे भी मौजूद रहे दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि छठ पर्व को देखते हुए तालाबों के साथ सफाई कराई गई है वहीं पर्व की समाप्ति के बाद दोबारा तालाबों की सफाई कराई जाएगी दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि छठ पर्व पर सुरक्षा तथा ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तालाबों का निरीक्षण किया इन अधिकारियों ने सेक्टर - 7, सेक्टर - 2, खुर्सीपार के बापू नगर व सूर्य कुंड तालाब, बैकुंठ धाम, कैम्प वन मुक्तिधाम तालाब और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सूर्य कुंड तालाब में जाकर साफ सफाई, पानी की शुद्धता और प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया अर्ध्य के दौरान तालाबों में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए भी निर्देश दिया गया है।

## एक नजर



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** व्हीआईपी चौक पर स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति में अज्ञात व्यक्ति ने तोड़फोड की है। मूर्ति के साथ तोड़फोड़ के मामले पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है।

### 6 नवंबर से रुक सकती है एलपीजी की होम डिलीवरी, वितरकों ने दी चेतावनी

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** यदि आप घर पर एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी लेते हैं, तो यह खबर आपके लिए अहम है। प्रदेशभर में गैस एजेंसी संचालकों ने कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो 6 नवंबर से सिलेंडर की होम डिलीवरी बंद कर दी जाएगी। एचपीसीएल, बीपीसीएल और इंडियन ऑयल के डिस्ट्रीब्यूटर लंबे समय से कमीशन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि बढ़ते डीजल दाम, कर्मचारियों के वेतन और अन्य खर्चों के बावजूद कमीशन में कोई इजाफा नहीं हुआ है। इसी के विरोध में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने तीन चरणों में आंदोलन का ऐलान किया है। पहले चरण में एजेंसी संचालक और स्टाफकाली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। दूसरे चरण में 29 अक्टूबर को शाम 7 बजे राज्यभर के जिला मुख्यालयों में मशाल और मोमबत्ती जलाकर प्रदर्शन किया जाएगा। तीसरे चरण में 6 नवंबर से नो मनी, नो इंडेंट नीति लागू की जाएगी – यानी जब तक कमीशन नहीं बढ़ता, तब तक ग्राहक से एडवांस राशि लेकर सिलेंडर बुकिंग नहीं की जाएगी। एसोसिएशन ने स्पष्ट कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और होम डिलीवरी सेवा पूरी तरह बंद हो जाएगी। केवल रायपुर जिले में ही तीनों कंपनियों के करीब 3 लाख उपभोक्ता हैं, जिन पर इस निर्णय का सीधा असर पड़ेगा। राज्यभर में लाखों परिवारों को नवंबर के पहले सप्ताह में गैस की भारी किल्लत झेलनी पड़ सकती है।



# बंगाल की खाड़ी में उठ रहे तूफान से छग में तेज बारिश की आशंका, विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर नया चक्रवाती सिस्टम सक्रिय हो गया है। इससे 27 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह सिस्टम दो दिनों में गंभीर साइक्लोनिक तूफान का रूप ले सकता है, जो 28 अक्टूबर की रात तक आंध्र प्रदेश तट को पार करेगा। बंगाल की खाड़ी में उठ रहा चक्रवात 72 घंटे में गंभीर रूप लेगा।

**90 से 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं :** मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार खाड़ी में बना डिप्रेशन पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 26 अक्टूबर तक गहरे डिप्रेशन और 27 तारीख की सुबह तक साइक्लोनिक तूफान में तब्दील हो सकता है। यह 28 अक्टूबर की रात काकीनाडा से कलिंगपट्टनम के बीच तटीय आंध्र प्रदेश को पार कर सकता है। इस दौरान 90 से 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

**प्रदेश का तापमान और वर्षा का हाल:** प्रदेश में अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री रायपुर में और न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

**बना हुआ है सिस्टम :** दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन उसी क्षेत्र में केंद्रित है। 26 अक्टूबर तक इसके गहरे डिप्रेशन में बदलने और 27 को साइक्लोनिक तूफान बनने की संभावना है। यह सिस्टम धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और 28 अक्टूबर की रात को आंध्र प्रदेश तट से टकराएगा।

### प्रदेश में 27 से 29 अक्टूबर तक रहेगा असर

मौसम विभाग ने बताया कि तूफान का सीधा असर छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्सों बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिलों में दिखाई देगा। इसके असर से 27 अक्टूबर से हल्की से मध्यम बारिश, 28 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर भारी बारिश जबकि 29 अक्टूबर को भारी से अतिभारी बाशिर की संभावना है। इसके साथ ही बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की गई है।

### बादल छाए, हवा में बढ़ी नमी

रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से क्रमशः 1.7 और 4.1 डिग्री अधिक रहा। सुबह की आर्द्रता 88 प्रतिशत और शाम की 67 प्रतिशत दर्ज की गई। आसमान में करीब 50 प्रतिशत बादल छाए रहे, जिससे दिन में उमस महसूस की गई। 26 अक्टूबर को भी आकाश सामान्यतः मेघमय रहने की संभावना है और तापमान लगभग 32 डिग्री अधिकतम तथा 24 डिग्री न्यूनतम के आसपास रह सकता है।

# स्पा संचालक सहित चार गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अंतर्गत संचालित लोरेंज़ो स्पा और ली वेलनेस स्पा के संचालक धनेश्वर सेन , मैनेजर पवन पांडे और 4 ग्राहकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम की धारा धारा 3,4,5,7 के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।

हालांकि कोर्ट ने पुलिस पर नाराजगी जाहिर की कोर्ट का कहना था कि ग्राहकों को पुलिस स्टेशन से ही कार्रवाई कर छोड़ना देना था जबकि पुलिस ने भी अपना तर्क रखा लड़कियों से कराया जा रहा था अनैतिक कार्य चौकी प्रभारी गुरविंदर सिद्धु ने बताया कि स्पा सेंटर के लोरेंजो स्पा एवं ली वेलनेस स्पा सेंटर के संचालकों स्पा में मसाज के नाम पर लड़कियों से देह व्यापार करवा रहे थे एएसपी पद्मश्री तंवर के निर्देशन में डीएसपी भारती मरकाम के नेतृत्व में महिला थाना एवं स्मृतिनगर की टीम गठित कर पॉइंटर नियुक्त किए उसकी निशानदेही पर लोरेंज स्पा और ली वेलनेस स्पा में दबिश दी मौके पर ली वेलनेस स्पा के संचालक सुपेला निवासी धनेश्वर सेन एवं लोरेंजो स्पा के मैनेजर भिलाई तीन निवासी पवन पांडे को गिरफ्तार कर लिया। दोनों स्पा में संगठित रूप से बाहर की महिलाओं से देह व्यापार करा रहे थे। मौके से आपत्तिजनक सामग्री, कंडोम एवं ग्राहकों के विवरण से संबंधित रजिस्टर और अन्य सामग्री जब्त किया गया।

आपत्तिजनक हालत में मिले लोरेंजो स्पा के रूम में आरोपी नेहरु नगर निवासी गौरव कोठारी पिता किशोरी लाल कोठारी, प्रगति नगर रचित दास पिता प्रदीप कुमार दास को आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए। इसी प्रकार ली वेलनेस स्पा के कमरे से ग्राहक संतोष कुमार पिता लक्ष्मण प्रसाद, सुपेला अब्बास अली पिता हुकुम मियां को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया है जिनके पास से आपत्तिजनक सामग्री जब्त की।

# बाड़ा और शीतला माता मंदिर निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** श्री जैतू साव मठ के गांव भरेंगा के प्राचीन बाड़ा एवं माता शीतला मंदिर के नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भरेंगा के बाड़ा एवं शीतला मंदिर के नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन के कार्यक्रम में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज, ट्रस्ट कमेटी के वरिष्ठतम सदस्य अजय तिवारी एवं सचिव महेंद्र अग्रवाल सम्मिलित हुए।

भगवान राघवेंद्र सरकार की विधिवत पूजा अर्चना करके उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेश्री महन्त महाराज ने अपने संदेश में कहा कि- जैतू साव मठ का यह प्राचीन कालीन बाड़ा जर्जर हो गया है, इसलिए इसके नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया है। इसके बन जाने से आम जनता को अपने कार्यों के संपादन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्राचीन शीतला मंदिर का भी ग्राम वासियों के इच्छा अनुसार निर्माण कार्य संपन्न होगा। तिवारी ने कहा कि -ग्राम वासियों की इच्छा के अनुसार सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए यहां बाड़ा निर्माण एवं धार्मिक आस्था को ध्यान में रखकर मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया गया है। निर्माण शीघ्र पूरा होगा। दाऊ अग्रवाल ने कहा कि- आप सभी ने यहां हनुमान के मंदिर के निर्माण के लिए आग्रह किया था वह बन करके लोकार्पित हो चुका है, उसका सदुपयोग आप सभी ग्राम वासी कर रहे हैं। निकट भविष्य में यह कार्य भी संपन्न होगा। यह बाड़ा सर्व सुविधा युक्त आधुनिकतम रूप से निर्मित होगा।

कार्यक्रम में गांव के सरपंच यादव, रामपाल ठाकुर, अवध सिंह, छत्रपाल, ढेबर गुरुजी,अमर दास, पंच एवं प्रतिष्ठित नगरीक गण व मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, अंकित दुबे सहित लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

# पीएम का कार्यक्रम बदला, अब 1 नवंबर की सुबह आएंगे



राज्योत्सव सहित पांच कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

**रायपुर, 26 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब 31 अक्टूबर की रात की जगह सीधे 1 नवम्बर को नवा रायपुर पहुंचेंगे। बताया जाता है कि बिहार चुनाव की वजह से उनके आने के समय में बदलाव हुआ है। शेष कार्यक्रम यथावत रहेगा। डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष पर होने वाले राज्योत्सव को यादगार बनाने के लिए प्रधानमंत्री नवा रायपुर में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि पीएम के रोड शो के लिए नवा रायपुर की करीब 12 चौक-चौराहों को आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। इन चौकों पर छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और विकास योजनाओं की झलक देखने को मिलेगी। पीएम की तैयारियों के मद्देनजर नवा रायपुर की रंगाई-पोताई का काम भी जोरो पर चल रहा है। बिजली के खंभों को भी आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। इसके अलावा राज्योत्सव स्थल पर पड़ने वाले चौकों को भी खास अंदाज में तैयार किया जा रहा है। इन चौकों को जीवंत बनाने के लिए बस्तर से लेकर सरगुजा तक के कलाकार अपने पारपंरिक पहनावे और वाद्य यंत्रों के साथ मौजूद रहेंगे। इस दौरान नवा रायपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पीएम के रोड शो के दौरान सभी मार्गों को सील कर दिया जाएगा।

**हर दिन रहेगा नया आकर्षण :** नवा रायपुर में 5 दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन होगा, जबकि सभी जिला मुख्यालयों में 3 दिवसीय राज्योत्सव मनाया जाएगा। इस बार यह आयोजन अधिक व्यापक और ऐतिहासिक स्वरूप में किया जा रहा है। नवा रायपुर में हर दिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बॉलीवुड के कलाकार भी प्रस्तुति देंगे।

**25 साल के विकास गाथा बताएंगे:** डिप्टी सीएम साव ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि से बना छत्तीसगढ़ आज विकास, समृद्धि और जनकल्याण के मार्ग पर अग्रसर है। पिछले 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं 25 वर्षों की विकास यात्रा और राज्य निर्माण की गाथा को राज्योत्सव स्थल पर विभागीय स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग एक डिजिटल प्रदर्शनी के जरिए छत्तीसगढ़ के निर्माण से लेकर अब तक हुए विकास को दिखाएगा।

### 100 ई-रिक्शा की रहेगी व्यवस्था

राज्योत्सव स्थल पर ट्रैफिक से बचने के लिए हर दिशा में दूर-दूर पार्किंग स्थल बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि सभी पार्किंग स्थल के आसपास 100 ई-रिक्शा रहेंगे। इसके जरिए आम जनता आसानी से मेल स्थल पर पहुंच जाएगी। साथ ही मेला स्थल तक जाने के लिए बसों का भी संचालन भी किया जाएगा।

### राज्यपाल रमेन डेका ने दी छठ महापर्व की बधाई



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** राज्यपाल रमेन डेका ने छठ महापर्व के पावन अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था, पवित्रता और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक पर्व है। यह पर्व सूर्य उपासना के माध्यम से जीवन में अनुशासन, आत्मसंयम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। राज्यपाल ने कहा कि छठी मईया की आराधना से जीवन में नई ऊर्जा, स्वास्थ्य और समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने प्रदेशवासियों के लिए मंगलकामना करते हुए कहा कि सूर्य देव की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली बनी रहे।

### महापौर मीनल चौबे ने छठ पूजा की दी शुभकामनाएं



**रायपुर, 26 अक्टूबर।** महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, अमर गिदवानी एमआईसी सदस्यों ने नगरवासियों को छठ पूजा के पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए समृद्धि की प्रतीक सन्तानो की पालनहार आदिशक्ति देवी छठी मईया और सकारात्मक ऊर्जा शक्ति के प्रतीक देव भगवान सूर्यनारायण के दिव्य श्रीचरणों में समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी रायपुर शहर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में समृद्धि और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक प्रेरणा ऊर्जा शक्ति प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना की है।

**उपलब्धि** | यात्रियों को सुविधा देने में देश के टॉप 10 एयरपोर्ट में 8वें स्थान पर रायपुर एयरपोर्ट

# स्वामी विवेकानंद विमानतल की 33 बिंदुओं के फीडबैक में हुई सराहना




**रायपुर, 25 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट ने यात्रियों को सुविधा देने के मामले में देश के टॉप 10 एयरपोर्ट में 8वं स्थान हासिल किया है. एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी सर्वे (एएसक्यू) 2025 की तीसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर तक) की रिपोर्ट में टॉप-10 एयरपोर्ट्स में रायपुर एयरपोर्ट 8वें स्थान पर आया है. सर्वे में यात्रियों से 33 बिंदुओं पर फीडबैक लिया गया, जिसमें टर्मिनल, साफ-सफाई, पानी, बैठने की व्यवस्था, फूड स्टॉल, यात्री सुविधाएं, कर्मचारियों का व्यवहार जैसे बंदु शामिल हैं. बता दें कि पिछले साल भी इसी अवधि में रायपुर एयरपोर्ट 8वें स्थान पर आया था. एसीआई कराता है एयरपोर्टस का सर्वे एएसक्यू सर्वे एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा कराया जाता है. इस सर्वे में उन एयरपोर्ट्स को शामिल किया जाता है. जिनमें सालाना यात्रियों की संख्या 18 लाख से अधिक होती है. एशिया-पैसिफिक क्षेत्र के 18 देशों के 98 एयरपोर्ट्स में यह मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें भारत के 16 प्रमुख एयरपोर्ट्स शामिल हैं. इस रैंकिंग सूची में रायपुर एयरपोर्ट 72वें स्थान पर रहा. पूर्व में हुए मई-जुलाई के ईस्टर्न रीजन सर्वे में रायपुर दूसरे स्थान पर रहा था. वहीं कोलकाता एयरपोर्ट पहले स्थान पर था. अगस्त 2022 के सर्वे में भी रायपुर दूसरे स्थान पर था. हर हफ्ते 25 हजार यात्री करते है सफर एएसक्यू सर्वे में तकनीकी और आधारभूत सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया जाता है. इसमें कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, साइनबोर्ड, टर्मिनल भवन में चलने की दूरी, चेकिंग काउंटर, पार्किंग क्षेत्र, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं निरीक्षण किया जाता है. रायपुर एयरपोर्ट से हर हफ्ते औसतन 20-25 हजार यात्री सफर करते हैं. टॉप 10 में ये एयरपोर्ट शामिल यात्रियों को सुविधा देने में पुणे एयरपोर्ट ने प्रथम स्थान हासिल किया. दूसरे स्थान पर गोवा एयरपोर्ट, तीसरे पर वाराणसी, चौथे पर इंदौर, पांचवें पर चेन्नई, छटवा देहरादून, सातवें कोलकाता, और आठवें पर रायपुर एयरपोर्ट है. वहीं नौवें और दसवें स्थान पर भुवनेश्वर और पटना एयरपोर्ट हैं।

### रायपुर एयरपोर्ट से दिल्ली की दो नई उड़ानें, प्रयागराज सेवा फिर बंद

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से हवाई यात्रियों के लिए नई सुविधा जुड़ने जा रही है। विमानन कंपनियों के नए शेड्यूल के साथ दिल्ली के लिए दो नई उड़ानें शुरू होंगी, जबकि प्रयागराज की फ्लाइट एक बार फिर बंद कर दी गई है। इंडिगो एयरलाइंस ने रायपुरङ्कप्रयागराज सेक्टर की सेवा को हटा दिया है। यह फ्लाइट पहली बार 28 जून 2019 को शुरू हुई थी, जिसे 29 अक्टूबर 2023 को बंद किया गया था। इसके बाद 16 अगस्त 2024 को दोबारा शुरुआत की गई थी। शनिवार को इस सेक्टर की आखिरी उड़ान संचालित की गई। यह विमान रोज सुबह 9:05 बजे रायपुर से उड़ान भरता था और 10:25 बजे प्रयागराज पहुंचता था। वापसी में यह 10:50 बजे प्रयागराज से उड़कर 12:20 बजे रायपुर पहुंचता था। कंपनी इस रूट पर 72 सीटर एटीआर विमान चला रही थी, जिसकी औसत बुकिंग करीब 80 प्रतिशत थी। वहीं, छत्तीसगढ़ के यात्रियों को दिल्ली के लिए अब और विकल्प मिलेंगे। एयर इंडिया ने दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में 26 अक्टूबर से नई उड़ान की घोषणा की है। फिलहाल कंपनी की दो उड़ानें इस रूट पर चल रही हैं। नई फ्लाइट (संख्या 2635) दिल्ली से दोपहर 12:10 बजे रवाना होगी और 2:05 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में उड़ान संख्या 2636 दोपहर 2:35 बजे रायपुर से उड़ान भरकर शाम 4:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह, इंडिगो भी इस रूट पर नई सेवा शुरू कर रही है। उड़ान संख्या 6श्व2120 दिल्ली से सुबह 10:15 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12:15 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में उड़ान संख्या 6श्व6640 दोपहर 12:45 बजे रायपुर से उड़ान भरकर 2:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी। नई उड़ानों के साथ अब दिल्ली-रायपुर सेक्टर में रोजाना आठ उड़ानें उपलब्ध होंगी।

# ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान का आध्यात्मिक सत्संग



**रायपुर 26 अक्टूबर।** ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान, रायपुर द्वारा 25 व 26 अक्टूबर को दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । 25 अक्टूबर के कार्यक्रम में सुबह 8 बजे रूद्राभिषेक किया गया जिसमें देश के विविध राज्यों से आये श्रद्धालु एंव सेवकों ने हिस्सा लिया इसके पश्चात दोपहर को 1 किलोमीटर तिरंगा रैली एवं भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यहां 'आध्यात्मिक सत्संग' एवं 'सम्पूर्ण वन्दे मातरम् गायन' का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्व परिवर्तन द्वारा विश्व-परिवर्तन का संदेश देना और भारत को पुन विश्वगुरू बनाने का संकल्प लेना है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए सेवादार विजय कुमार ने बताया कि आज के दौर में व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति एवं समन्वय का बेहद अभाव है । हम प्रयास कर रहें हैं कि जीवन में ये तीनों व्यक्ति के जीवन में बने रहे जिससे व्यक्ति का जीवन बेहद सरल हो न कि पेचीदा। सेवादार डॉ श्रीमंत साहू ने कहा कि हम न्यूनतम शुल्क के साथ भाटागांव रायपुर में ओम हेल्थकेयर सेंटर लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध है जहां उपचार की सुविधा मौजूद है। 2017 से आरंभ हुई यह संस्था के सैकड़ो सेवादार विभिन्न राज्यों में हैं। इस कांफ्रेंस में उपाध्यक्ष द्वारका प्रसाद सहित नरेश भाई, अंजना बहन एवं नर्मदा दीदी भी उपस्थित रहीं। उपाध्यक्ष द्वारका ने कहा कि मात्र ओम के उच्चारण से ही घर में सुख शांति लाया जा सकता है एवं जीवन में तनाव को काफी कम किया जा सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शांति के लिए ओम का उच्चारण एक ब्रह्मास्त्र की तरह है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26